दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



जब अच्छी तरह से ........ फिजिकल हेल्थ के साथ ......

वर्ष : 12 | अंक : 100 | लखनऊ, 03 अप्रैल, शुक्रवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# जरूरतमंद को आवास और बीमार के इलाज की होगी व्यवस्था : सीएम

## लोगों की समस्याएं सुनकर दिया भरोसा, हर समस्या का करायेंगे सन्तुष्टिपरक निस्तारण

संवाददाता

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंद लोगों को आवास दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। सीएम ने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है।

गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 100 लोगों से मुलाकात की। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक पहुंचकर मुख्यमंत्री ने एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं। उनके प्रार्थना पत्र लिए और निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। उन्होंने पुलिस से जुड़े मामलों में त्वरित और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दर्शन में एक महिला ने आवास की समस्या बताई। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि उन्हें सरकार की आवास योजना के तहत आवास दिलाया जाएगा। गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद मांगने आए लोगों को मुख्यमंत्री ने भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं के साथ आए बच्चों को चॉकलेट देकर सीएम योगी ने उन्हें खूब पढ़ने के लिए भी प्रेरित किया।



## वाराणसी में आज से प्रारंभ होगा 'सम्राट विक्रमादित्य' महानाट्य

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे शुभारंभ
- बाबा विश्वनाथ को समर्पित होगी विक्रमादित्य वैदिक घड़ी

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचेंगे। सीएम योगी व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ बीएलडब्ल्यू में सम्राट विक्रमादित्य की जीवनी पर आधारित महानाट्य का शुभारंभ करेंगे। 3 से 5 अप्रैल तक मंचन वाले इस महानाट्य का उद्देश्य देश के गौरवशाली इतिहास, विक्रम संवत की वैज्ञानिकता और उस युग के अनुपम योगदान से जनमानस को परिचित कराना है। भारतीय काल गणना की समृद्ध विरासत को पुनर्जीवित करने के इस प्रयास के अंतर्गत वाराणसी में सर्वप्रथम बाबा विश्वनाथ को वैदिक घड़ी समर्पित की जाएगी। इस घड़ी की विशेषता न केवल इसकी पारंपरिक गणना पद्धति है, बल्कि इसका डिजिटल विस्तार भी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार शाम करीब 5.30 बजे वाराणसी पहुंचेंगे। शाम करीब 7 बजे वह बीएलडब्ल्यू ग्राउंड पर इस महानाट्य को देखेंगे। इसके आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 4 अप्रैल (शनिवार) की सुबह काशी कोतवाल बाबा कालभैरव और बाबा विश्वनाथ के दर्शन भी करेंगे। वाराणसी के बीएलडब्ल्यू मैदान में 3 से 5 अप्रैल तक भारत के स्वाभिमान और विकास की गाथा का भव्य उत्सव मनाया जाएगा। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में महानाट्य 'सम्राट विक्रमादित्य' का ऐतिहासिक मंचन किया जाएगा। आयोजन स्थल पर विभिन्न ज्ञानवर्धक प्रदर्शनियां भी लगाई जा रही हैं। सम्राट विक्रमादित्य आधारित महानाट्य की प्रस्तुति लगभग 1.45 घंटे की होगी। मंच पर 175 से अधिक कलाकार और सहयोगी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

## वाराणसी में आज से प्रारंभ होगा 'सम्राट विक्रमादित्य' महानाट्य

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचेंगे। सीएम योगी, केंद्रीय पर्यटन-संस्कृति मंत्री गजेंद्र शेखावत व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ बीएलडब्ल्यू में सम्राट विक्रमादित्य की जीवनी पर आधारित महानाट्य का शुभारंभ करेंगे। 3 से 5 अप्रैल तक मंचन वाले इस महानाट्य का उद्देश्य देश के गौरवशाली इतिहास, विक्रम संवत की वैज्ञानिकता और उस युग के अनुपम योगदान से जनमानस को परिचित कराना है।

भारतीय काल गणना की समृद्ध विरासत को पुनर्जीवित करने के इस प्रयास के अंतर्गत वाराणसी में सर्वप्रथम बाबा विश्वनाथ को वैदिक घड़ी समर्पित की जाएगी। इस घड़ी की विशेषता न केवल इसकी पारंपरिक गणना पद्धति है, बल्कि इसका डिजिटल विस्तार भी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार शाम करीब 5.30 बजे वाराणसी पहुंचेंगे। शाम करीब 7 बजे वह बीएलडब्ल्यू ग्राउंड पर इस महानाट्य को देखेंगे। इसके आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 4 अप्रैल (शनिवार) की सुबह काशी कोतवाल बाबा कालभैरव और बाबा विश्वनाथ के दर्शन भी करेंगे।

वाराणसी के बीएलडब्ल्यू मैदान में 3 से 5 अप्रैल तक भारत के स्वाभिमान और विकास की गाथा का भव्य उत्सव मनाया जाएगा। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में महानाट्य 'सम्राट विक्रमादित्य' का ऐतिहासिक मंचन किया जाएगा। आयोजन स्थल पर विभिन्न ज्ञानवर्धक प्रदर्शनियां भी लगाई जा रही हैं। सम्राट विक्रमादित्य आधारित महानाट्य की प्रस्तुति लगभग 1.45 घंटे की होगी। मंच पर 175 से अधिक कलाकार और सहयोगी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।




## सीएम ने पद्म पुरस्कार से सम्मानित विभूतियों और आकाशवाणी के वरिष्ठ लोक सेवा प्रसारकों को किया सम्मानित

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आकाशवाणी लखनऊ के 89वें स्थापना दिवस पर अनेक विभूतियों को सम्मानित किया। इन विभूतियों ने पद्म पुरस्कार से सम्मानित होकर उत्तर प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। वहीं आकाशवाणी की सफलता में नींव के पत्थर रहे वरिष्ठ लोकसेवा प्रसारकों को भी सम्मानित किया गया। सीएम योगी ने कहा कि सम्मान पाने वाले लोगों का योगदान खुद के लिए नहीं, बल्कि देश-प्रदेश और विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाने के लिए है। सीएम ने कहा कि नींव के पत्थरों को ढूंढना व सम्मानित करना गौरव का क्षण होता है। मुख्यमंत्री ने पद्म पुरस्कार प्राप्त विभूतियों को सम्मानित किया। सीएम के हाथों मंच पर साहित्यकार विद्या बिंदु सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पं. हृदय नारायण दीक्षित (उनके पुत्रों अरुण दीक्षित व दिलीप दीक्षित ने ग्रहण किया), प्रो. सोनिया नित्यानंद (कुलपति केजीएमयू), मालिनी अवस्थी (लोकगायिका), अरुणिमा सिन्हा (दिव्यांग पर्वतारोही), डॉ. अनिल रस्तोगी (रंगमंच), रामशरण वर्मा (प्रगतिशील किसान), डॉ. सुनील प्रधान (चिकित्सक), डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. केके ठकराल, प्रो. नवजीवन रस्तोगी, प्रो. शादाब मोहम्मद, सुधा सिंह (खेल), एसएस सरकार (पुरस्कार प्रमोद मिश्र ने प्राप्त किया) को सम्मान मिला। सीएम योगी ने आकाशवाणी केंद्रों को ऊंचाई देने वाले वरिष्ठ लोक सेवा प्रसारकों को भी सम्मानित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों सुशील राबर्ट बनर्जी, सतीश कुमार ग्रोवर, यज्ञदेव पंडित, विजय कुमार बनर्जी, रज्जन लाल, नवनीत मिश्र, भोलानाथ, केवल कुमार को सम्मान मिला।

### खबर संक्षेप

#### सीएनजी पंप पर सिलेंडर फटा, 4 घायल

**पश्चिमी दिल्ली।** द्वारका जिले के नजफगढ़-मित्राऊं रोड स्थित सीएनजी पंप पर गैस भरते समय एक ट्रक का सीएनजी सिलिंडर



अचानक फट गया। इस घटना में 4 लोग घायल हो गए, जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के समय पंप अटेंडेंट ट्रक (एचआर 63सी 4424) में सीएनजी भर रहा था, तभी सिलेंडर में विस्फोट हो गया। घायलों में दीपक, विकास कुमार और नीरज की पहचान हो गई है। एक घायल की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

#### अब पंजाब हाई कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**चंडीगढ़।** केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के सेक्टर-37 स्थित पंजाब भाजपा के मुख्यालय के बाहर हुए ब्लास्ट के एक दिन बाद



गुरुवार को पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट को बम से उड़ने की धमकी मिली है। चंडीगढ़ पुलिस हेडक्वार्टर को भेजे एक ईमेल में यह धमकी दी गई है। ईमेल मिलने के बाद से पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। सतर्कता बरती जा रही है। इसके पहले कुछ उत्पातियों ने भाजपा के कार्यालय पर बम विस्फोट कर दिया था।

#### बीएचयू में जाति पूछकर ब्राह्मण छात्र को पीटा

**वाराणसी।** बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में एक छात्र से जाति पूछकर मारपीट का मामला सामने आया है। छात्र ने



बताया है कि बुधवार की सुबह करीब 11:45 बजे वह क्लास करने पहुंचा था। छात्र नेता हिमांशु वहां आया और उससे उसका कोर्स और जाति पूछने लगा। प्रशांत मिश्र की तहरीर पर वाराणसी पुलिस ने समाजवादी छात्र अध्यक्ष हिमांशु यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इससे कॉलेज परिसर में हंगामा खड़ा हो गया है। पुलिस कार्रवाई की मांग है।

## सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार को लगाई कड़ी फटकार

# कार्रवाई सही नहीं, नेशनल चंबल अभयारण्य की जमीन की अधिसूचना रद्द करने पर लगाई रोक

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार द्वारा नेशनल चंबल अभयारण्य की 732 हेक्टेयर जमीन की अधिसूचना रद्द करने के फैसले पर रोक लगा दी। इसके साथ ही राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब भी मांग है

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार द्वारा नेशनल चंबल अभयारण्य की 732 हेक्टेयर जमीन की अधिसूचना रद्द करने के फैसले पर रोक लगा दी। अदालत ने स्पष्ट कहा कि संरक्षित प्रजातियों के लिए आरक्षित किसी भी भूमि का डी-नोटिफिकेशन स्वीकार नहीं किया जाएगा और राज्य सरकार की कार्रवाई आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं पर खरी नहीं उतरती। सुनवाई के दौरान अदालत ने राजस्थान सरकार को अवैध रेत खनन को 'सुविधा देने' के लिए कड़ी फटकार लगाई। न्यायालय ने 'माइनिंग माफिया' को 'डकैत' बताते हुए कहा कि राजस्थान में इनके कारण कई एसडीएम, पुलिसकर्मी और वन विभाग के अधिकारियों की जान जा चुकी है। अदालत ने इसे कानून-व्यवस्था और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के लिए गंभीर स्थिति बताया। पीठ ने कहा कि घड़ियाल सहित कई जलीय जीव विलुप्ति के कगार पर हैं और चंबल क्षेत्र की पारिस्थितिकी बेहद संवेदनशील है। अदालत ने टिप्पणी की कि इस तरह के क्षेत्र में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप पर्यावरण और जैव विविधता के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है।

### कहा- आरक्षित किसी भी भूमि का डी-नोटिफिकेशन स्वीकार नहीं

अवैध रेत खनन को 'सुविधा देने' पर सख्ती



न्यायालय ने 'माइनिंग माफिया' को 'डकैत' बताया

#### 3 राज्यों में फैला संरक्षित क्षेत्र

नेशनल चंबल अभयारण्य, जिसे नेशनल चंबल घड़ियाल वन्यजीव अभयारण्य भी कहा जाता है, लगभग 5,400 वर्ग किलोमीटर में फैला एक त्रि-राज्यीय संरक्षित क्षेत्र है। यह राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा पर चंबल नदी के किनारे स्थित है और घड़ियाल, रेड-क्राउन रूफ टर्टल तथा गंगा डॉल्फिन जैसी संकटग्रस्त प्रजातियों का प्रमुख आवास है।

#### राज्यों और केंद्र से 4 सप्ताह में जवाब तलब

कोर्ट ने एमिकस क्यूरी और सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी की रिपोर्ट पर राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। साथ ही पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को भी इस मामले में हलफनामा दाखिल करने के निर्देश दिए गए हैं।

#### अगली सुनवाई 11 मई को मुकर्रर

कोर्ट ने राजस्थान सरकार के 23 दिसंबर 2025 के नोटिफिकेशन, जिसे 9 मार्च 2026 को लागू किया गया था, पर अंतरिम रोक लगा दी है। मामले की अगली सुनवाई 11 मई को निर्धारित की गई है। साथ ही नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में लंबित मामले को भी सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया है।

### ईको-सेंसिटिव जोन और प्रक्रियाओं पर सवाल

अदालत की सहायता कर रहे एमिकस क्यूरी ने बताया कि राजस्थान ने अब तक ईको-सेंसिटिव जोन घोषित नहीं किया है और दिसंबर 2025 में 732 हेक्टेयर क्षेत्र को डी-नोटिफाई करने का नोटिफिकेशन जारी किया गया था। अदालत ने इस पर सवाल उठाते हुए कहा कि डी-नोटिफिकेशन के बाद यह जमीन राजस्व भूमि बन जाती है, जिससे संरक्षण प्रयास प्रभावित हो सकते हैं।

#### वीडियो और रिपोर्ट्स को डरावना बताया

सुनवाई के दौरान प्रस्तुत वीडियो का जिक्र करते हुए न्यायमूर्ति संदीप मेहता ने उन्हें 'डरावना' बताया, जिसमें जलीय जीवों के बीच भारी मशीनों से रेत निकासी होती दिखी। अदालत ने कहा कि यह स्थिति दर्शाती है कि अवैध खनन किस स्तर तक फैल चुका है। यह गंभीर चिंता का विषय है।

## आईपैक के 3 दफ्तरों पर ईडी का छापा

# कोयले की तस्करी में दिल्ली बेंगलुरु, हैदराबाद में छापेमारी




अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पश्चिम बंगाल में वोटिंग से पहले एक बार फिर से आईपैक के कई ठिकानों पर ईडी की छापेमारी चल रही है। बेंगलुरु, हैदराबाद और दिल्ली में यह छापेमारी की जा रही है। इससे पहले कोलकाता स्थित ऑफिस में ईडी की छापेमारी हुई थी।

छापेमारी के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी भी वहां पहुंच गई थीं। इस दौरान खूब सियासी बवाल हुआ था। ईडी की यह छापेमारी कोयले की तस्करी को लेकर चल रही है। दिल्ली, बेंगलुरु और हैदराबाद में चल रही है। आईपैक पश्चिम बंगाल में टीएमसी के लिए चुनाव प्रबंधन का काम देख रही है। आईपैक से पहले प्रशांत किशोर भी जुड़े रहे हैं। हालांकि छापेमारी के दौरान क्या कुछ मिला है, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

#### कई ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया

दिल्ली, हैदराबाद और बेंगलुरु समेत बंगाल में ईडी ने पश्चिम बंगाल कोयला घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया है। एजेंसी ने आई-पैक से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की। बेंगलुरु में आई-पैक के सह-संस्थापक ऋषिराज सिंह के ठिकानों पर भी ईडी की टीम पहुंची। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई कोयला तस्करी घोटाले की आय को हवाला के जरिए चैनल करने और इससे जुड़े ट्रांजेक्शन की जांच के तहत की जा रही है। दिल्ली-हैदराबाद में भी आई-पैक के ऑफिस और संबंधित स्थानों पर सर्च चल रही है। पश्चिम बंगाल में कोयला घोटाला लंबे समय से चर्चा में है, जिसमें कथित तौर पर बड़े स्तर पर अवैध खनन और फंडिंग का मामला सामने आया था। ईडी की यह कार्रवाई चुनाव से पहले राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गई है।

#### ... तब ममता पहुंच गई थीं ईडी ऑफिस

जनवरी 2026 में आईपैक के कोलकाता स्थित ऑफिस पर ईडी की छापेमारी हुई थी। छापेमारी की खबर सुनते ही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी वहां पहुंच गई थीं। साथ ही ईडी अधिकारियों से एक फाइल छीन ली थीं। इस दौरान खूब बखेड़ा खड़ा हुआ था। आईपैक पश्चिम बंगाल में ममता के लिए चुनावी प्रबंधन का काम देख रही है। इसके साथ ही अन्य राज्यों में भी यह सियासी पार्टियों के लिए काम करती है।

## बजट सत्र 13 दिन के लिए स्थगित

# महिला आरक्षण को लेकर 16 अप्रैल से फिर 'बैठेगी' संसद

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

गुरुवार 2 अप्रैल को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने वाला बजट सत्र खत्म नहीं हुआ है। सरकार ने इसे आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है।



अब राज्यसभा और लोकसभा में सभी सांसद एक छोटे से ब्रेक के बाद 16 अप्रैल को सुबह 11 बजे फिर से बैठेंगे। गुरुवार को जब सदन की कार्यवाही चल रही थी, तब राज्यसभा के उप-सभापति हरिवंश ने सदन को 16 अप्रैल तक के लिए स्थगित करने की घोषणा की।

#### 816 सीटें करने की अटकलें

सरकार का पूरा फोकस अब 'महिला आरक्षण कानून' को जल्द से जल्द जमीन पर उतारने पर है। इसके लिए लोकसभा की मौजूदा सीटों की संख्या को 543 से बढ़ाकर 816 करने की तैयारी है। इसी से जुड़े बिल और अन्य जरूरी संविधान संशोधनों को पास कराने के लिए संसद को दोबारा बुलाया जा रहा है। यह सत्र 16 अप्रैल से लेकर 18 अप्रैल तक चलेगा।

## 'कर्मयोगी साधना सप्ताह' में प्रधानमंत्री मोदी बोले

# 'नागरिक देवो भव' से बदलेगा गवर्नेंस का स्वरूप

## क्षमता निर्माण आयोग के स्थापना दिवस पर किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्षमता निर्माण आयोग के स्थापना दिवस पर 'कर्मयोगी साधना सप्ताह' को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने पब्लिक सर्विस को अधिक सक्षम, संवेदनशील और नागरिक-केंद्रित बनाने पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि वर्तमान शासन व्यवस्था का मूल सिद्धांत 'नागरिक देवो भव' है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को सर्वोपरि रखते हुए सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाना है। उन्होंने कहा कि इसी सोच के साथ गवर्नेंस को नई पहचान दी जा रही है। उन्होंने कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह हर सरकारी कर्मचारी की क्षमता बढ़ाने का काम कर रहा है। 'आईगॉट' मिशन कर्मयोगी को भी उन्होंने इस दिशा में अहम कदम बताया।

'आईगॉट' मिशन कर्मयोगी होगा अहम

#### आकांक्षी भारत और जिम्मेदारी पर दिया बल



प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का भारत आकांक्षी है, जहां हर नागरिक के अपने सपने और लक्ष्य हैं। उन्होंने कहा कि इन सपनों को पूरा करने में सहयोग देना हम सभी की जिम्मेदारी है। पीएम मोदी ने कहा कि हर निर्णय से पहले कर्तव्य पर विचार करने से उसका प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है।

#### समन्वय और 'होल ऑफ गवर्नमेंट' अप्रोच पर जोर

इसके साथ प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश की सफलता राज्यों की सामूहिक सफलता पर निर्भर करती है। विभागों के बीच संवादहीनता खत्म कर बेहतर समन्वय और साझा समझ के साथ काम करना होगा।

#### टेक्नोलॉजी और एआई को बताया भविष्य की कुंजी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बेहतर प्रशासक वही होगा, जिसे तकनीक और डेटा की समझ हो। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते प्रभाव का जिक्र करते हुए निरंतर सीखने और क्षमता निर्माण पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि आम नागरिक के लिए स्थानीय सरकारी कार्यालय ही सरकार का चेहरा होता है। इसलिए अधिकारियों का व्यवहार और कार्यशैली ही लोकतंत्र में जनता के भरोसे को मजबूत बनाती है।

## संक्षेप

### तेज रफ्तार बाइक सवार ने साइकिल सवार अधेड़ मजदूर को मारी टक्कर, मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में बुधवार देर शाम एक साइकिल सवार अधेड़ मजदूर को तेज रफ्तार बाइक सवार ने ठोकर मार दी और फरार हो गया। घटना में साइकिल सवार मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन उसे इलाज के लिए लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सरोजनी नगर के अमौसी स्थित हिंदू खेड़ा निवासी रामू धीमान (55) मजदूरी करते थे। बुधवार शाम करीब 7 बजे वह मजदूरी करके साइकिल से वापस घर लौट रहे थे। तभी गौरी - अमौसी रेलवे स्टेशन रोड पर गांव के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने साइकिल में ठोकर मार दी और फरार हो गया। इस घटना में रामू बुरी तरह घायल हो गए। गंभीर हालत में रामू को लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान रामू की मौत हो गई। मृतक रामू के परिवार में उनकी पत्नी के अलावा तीन बेटियां और एक बेटा अक्षत है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है।

### सपा ने पीडीए की आवाज बुलंद की : अखिलेश यादव

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि दादरी में समाजवादी पार्टी को मिले जनसमर्थन से भाजपा के होश उड़ गये हैं। रैली के बाद सरकार के लोगों की भाषा बदल गयी है। सरकार अब जेपीएनआईसी, गोमती रिवरफ्रंट और मेट्रो की बात करने लगी है। वह कह रहे हैं कि मेट्रो उन्होंने चलवायी है जबकि जनता सच्चाई जानती कि मेट्रो समाजवादी सरकार में चली है। जनता पूछ रही है कि यह बात असल में कह रहे हैं या असर में कह रहे है। श्री यादव ने कहा कि जब से भाजपा सरकार बनी है एक वनस्पति का बहुत विकास हुआ है। लखनऊ में फिर 200 किलोग्राम वनस्पति पकड़ी गयी है।

# विद्युत शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी आग

## दूसरी मंजिल से कूद कर युवती घायल

अमन लेखनी समाचार




सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात एक मकान में विद्युत शॉर्ट सर्किट से आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान मकान के अंदर लोग आग से घिर गए। वहीं घटना के दौरान दूसरी मंजिल से कूद कर एक युवती घायल हो गई। आनन फानन घटना की सूचना पुलिस और फायर कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना के बाद पहुंची तीन दमकल गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब ढाई घंटे में आग पर काबू पाया। वहीं घटना में घायल युवती को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सरोजनी नगर के दरोगा खेड़ा स्थित पार्थ रिपब्लिक अपार्टमेंट के पास ज्वैलर्स व्यवसायी व प्रापर्टी डीलर अजय रस्तोगी (49) अपने परिवार के साथ अपने तीन मंजिला मकान में रहते हैं। बुधवार देर रात अजय अपनी पत्नी अनीता वर्मा (47), बेटे विनायक (16), विवाहित बेटी शीतल वर्मा (30) और उसकी छह वर्षीय बेटी विरानिका के अलावा घर में काम करने वाली तन्नू (22) सहित सभी लोग दूसरे तल पर सो रहे थे। तभी तड़के करीब 3:30 बजे मकान की तीसरी मंजिल पर बने किचन से अचानक तेज धुएं के साथ आग की लपटें उठने लगी। आग की लपटें और धुआं उठता देख पड़ोसियों ने शोर मचाया। तब घर में सो रहे लोगों की नींद खुली। शोर सुनकर अजय ने सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो तीसरी मंजिल पर आग की तेज लपटें दिखाई दीं। इसके बाद आनन-फानन फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही सरोजनीनगर फायर स्टेशन से दो और आलमबाग से एक दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची। तब तक आग तेजी से फैल चुकी थी और परिवार के सभी सदस्य अंदर फंस गए थे। दमकल कर्मियों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए सीढ़ी लगाकर रेस्क्यू अभियान चलाया और सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस दौरान घर में फंसे पालतू कुत्ते को भी सकुशल बाहर निकाला गया। वहीं घर में तेज आग की लपटें उठती देख उससे घबराकर तन्नू दूसरी मंजिल से कूद गई, जिससे वह घायल हो गई। घायलावस्था में उसे सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे लोक बंधु अस्पताल रेफर कर दिया। लोक बंधु अस्पताल में उसका इलाज जारी है। बाद में करीब ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। हालांकि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन घर का काफी सामान जलकर राख हो गया। फिलहाल दमकल विभाग की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया।

# संगठन में दायित्व केवल पद नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का दायित्व है : पंकज चौधरी

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने गुरुवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर गोरखपुर क्षेत्र की जिला समितियों के गठन को लेकर आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में व्यापक मंत्रणा की। इस क्रम में आयोजित बैठकों में क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय प्रभारी, जिला प्रभारियों, जिलाध्यक्षों तथा जिला पर्यवेक्षकों के साथ गहन मंथन एवं संवाद हुआ। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला समितियों के गठन की प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता, संगठनात्मक संतुलन एवं सर्वसम्मति के आधार पर आगे बढ़ाई जा रही है। इसके अंतर्गत प्रत्येक जिले में नियुक्त पर्यवेक्षकों ने स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नेताओं, पूर्व जिलाध्यक्षों एवं समर्पित कार्यकताओं से सतत संवाद स्थापित कर सशक्त, कर्मठ एवं अनुशासित कार्यकताओं की सूची तैयार की है। पर्यवेक्षकों की रिपोर्टों पर प्रदेश नेतृत्व द्वारा गंभीरता से विचार करते हुए अब जिला समितियों के गठन की प्रक्रिया अपने अंतिम एवं निर्णायक चरण में पहुँच चुकी है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने जिलावार समीक्षा करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्षों, प्रभारियों एवं पर्यवेक्षकों से विस्तृत फीडबैक प्राप्त किया। इस दौरान संगठन में सभी वर्गों की समावेशी सहभागिता सुनिश्चित करने, मातृशक्ति को प्रतिनिधित्व प्रदान करने तथा वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध, अनुशासित एवं परिश्रमी कार्यकताओं को दायित्व सौंपने पर चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने स्पष्ट किया कि संगठन में दायित्व केवल पद नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का दायित्व है। योग्य, कर्मठ एवं राष्ट्रनिष्ठ कार्यकताओं को आम सहमति के आधार पर जिला समितियों में स्थान देने पर संवाद हुआ है। उन्होंने कहा कि जिला समितियाँ ही वह सशक्त धुरी हैं, जिससे संगठन के अभियान और कार्यक्रम गाँव-गाँव, जन-जन तक पहुँचते हैं तथा भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा एवं भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के प्रत्येक वर्ग तक प्रभावी रूप से प्रसारित करने का माध्यम बनती है।

# पत्नी से विवाद के बाद व्यक्ति ने फांसी लगाकर दी जान, पुलिस ने दरवाजा तोड़कर निकाला शव

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। पीजीआई थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक व्यक्ति ने घरेलू विवाद के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकालते हुए पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, वीरेंद्र सिंह (45) निवासी 6सी/513, गोपेश्वर मंदिर, वृंदावन कॉलोनी का अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। बताया जा रहा है कि इसके बाद वह शराब के नशे में घर पहुंचे और दूसरे फ्लोर पर जाकर कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। कुछ देर बाद परिजनों को शक हुआ तो उन्होंने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तुड़वाया तो वीरेंद्र का शव छत के पंखे से सफेद गमछे के सहारे लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में आगे की जांच की जा रही है।

# दिनदहाड़े प्रिंसिपल को गोली मार फरार हुआ युवक, मुकदमा दर्ज

## अलमारी से टकराकर पेट में लगी गोली, हालत गंभीर; रंजिश और लेन-देन विवाद की जांच में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के जुगराजगंज स्थित प्रभावती पीवी शिक्षण संस्थान में गुरुवार दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक युवक ने स्कूल के प्रिंसिपल पर दिनदहाड़े फायरिंग कर दी। गोली अलमारी से टकराकर प्रिंसिपल के पेट में जा लगी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्कूल में मौजूद सैकड़ों बच्चों में भगदड़ मच गई और चीख-पुकार का माहौल बन गया।

घायल प्रिंसिपल अनिल कुमार सिंह को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलिहाबाद ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।



घायल अवस्था में अनिल फोटो

### कार से आया आरोपी, ऑफिस में घुसकर की फायरिंग

जानकारी के अनुसार, जुगराजगंज निवासी विजय पाल वैगन आर कार से स्कूल पहुंचा और सीधे प्रिंसिपल के ऑफिस में घुस गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, वह असलहा लहराते हुए अंदर दाखिल हुआ और बिना कुछ कहे प्रिंसिपल पर निशाना साध दिया।

अचानक हुए हमले से घबराकर अनिल कुमार सिंह कुर्सी से उठकर ऑफिस में रखी अलमारी के पीछे छिप गए, लेकिन आरोपी ने फायर कर दिया। गोली अलमारी से टकराते हुए उनके पेट में जा लगी।

### शिक्षकों और पड़ोसियों ने दिखाई बहादुरी

गोली चलने की आवाज सुनते ही स्कूल के शिक्षक और आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए आरोपी विजय पाल को पकड़ लिया, लेकिन वह खुद को छुड़ाकर धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते हस्तक्षेप न होता तो घटना और भी गंभीर हो सकती थी।

### बच्चों में मची भगदड़, शिक्षकों ने संभाला मोर्चा

फायरिंग की आवाज सुनते ही स्कूल में मौजूद बच्चों में अफरा-तफरी मच गई। डर के मारे बच्चे चीखते-चिल्लाते हुए बाहर की ओर भागने लगे। स्थिति को बिगड़ता देख शिक्षकों ने तत्परता दिखाते हुए बच्चों को सुरक्षित किया और किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया।

### दोस्ती से दुश्मनी तक का सफर

ग्रामीणों के अनुसार, आरोपी विजय पाल और प्रिंसिपल अनिल कुमार सिंह पहले अच्छे दोस्त थे। हालांकि, किन कारणों से दोनों के बीच रिश्ते बिगड़े, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस इस एंगल पर भी जांच कर रही है।

### तीन टीमें गठित, आरोपी की तलाश जारी

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मौके से एक खाली खोखा भी बरामद किया गया है।

रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुनायक ने बताया कि तहरीर में रंजिश के चलते हत्या के इरादे से गोली मारने का आरोप लगाया गया है। जिसपर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पूर्वांचल से पश्चिमांचल तक, अब निषाद पार्टी ही निर्णायक ताकत है : डॉ संजय निषाद

**लखनऊ।** बृहस्पतिवार को निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मा० कैबिनेट मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार, डॉ. संजय कुमार निषाद जनपद गौतमबुद्ध नगर के भ्रमण पर रहे। इस दौरान उन्होंने नोएडा प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि निषाद पार्टी आज देश व प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सहयोगी दल है।



देश के अन्य राज्यों, जैसे केरल और बंगाल के चुनाव में भी निषाद पार्टी के कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को चुनाव जिताने के लिए तन-मन-धन से लगे हुए हैं। निषाद पार्टी और भारतीय जनता पार्टी का गठबंधन त्रेता युग में मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम जी और महाराजा गुह्यराज निषाद जी के मिलन जैसा पवित्र है। श्री निषाद ने कहा कि निषाद पार्टी द्वारा प्रदेश में 04 स्थानों (गोरखपुर, प्रयागराज, मेरठ एवं वाराणसी) पर बड़ी सभाएं करने का एलान किया गया था, जिसे आप पत्रकार बंधुओं ने चुनावी आगाज का भी नाम दिया था। उसी क्रम में निषाद पार्टी ने जनपद गोरखपुर एवं प्रयागराज में सफल आयोजन किया।

मछुआ समाज के हजारों लोग उन रैलियों में पहुँचे और अपने आरक्षण, ताल-घाट, खनन-बालू, श्रेणी तीन की जमीन एवं क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट के तहत मिलने वाले अधिकारों को वापस पाने की माँग सरकार के समक्ष रखी गई है।

आगामी 05 अप्रैल को निषाद पार्टी द्वारा प्रदेश के जनपद मेरठ में होने वाली प्रस्तावित रैली को जनपद गौतमबुद्ध नगर में स्थानांतरित किया गया है, क्योंकि जनपद गौतमबुद्ध नगर के दनकौर में महान धनुर्धर वीर एकलव्य का द्वापर युग में छल और प्रपंच से अंगूठा कटवा दिया गया था। प्रदेश में पूर्ववर्ती सरकारों ने भी द्रोणाचार्य की तर्ज पर मछुआ/कश्यप/निषाद/तुरैहा समाज से वोट तो लिया, किंतु नाम मात्र का मंत्री पद देकर इनके अधिकारों का अंगूठा काटने का काम किया। इसी क्रम में निषाद पार्टी कोर कमेटी ने तय किया कि जनपद गोरखपुर निषाद पार्टी की जन्मभूमि है, जनपद प्रयागराज में मछुआ समाज का गौरवशाली इतिहास है और जनपद गौतमबुद्ध नगर में मछुआ/कश्यप/निषाद समाज को छल से ठगने का एक बड़ा इतिहास रहा है। उस इतिहास को मछुआ समाज दोबारा न दोहराए, इसी के चलते रैली के स्थान को जनपद मेरठ से जनपद गौतमबुद्ध नगर में बदला गया है।

# बाबू जगजीवन राम ने न्याय और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया

**लखनऊ।** भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी, उप प्रधानमंत्री, समाज सुधारक और वरिष्ठ राजनेता रहे बाबू जगजीवन की जयंती की पूर्व संध्या पर दिनांक 04 अप्रैल 2026 को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा एक विशाल गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय, लखनऊ में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय (पूर्व मंत्री) ने जानकारी दी कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बाबू जगजीवन राम की सुपुत्री एवं पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार तथा मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो० रतन लाल जी विशेष रूप से शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा अनुसूचित जाति के वर्तमान एवं पूर्व सांसदों/विधायकों के साथ-साथ समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। अजय राय ने कहा कि बाबू जगजीवन राम जी ने अपने जीवन में सामाजिक समता, न्याय और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। समता दिवस के आयोजन का उद्देश्य उनके आदर्शों को आगे बढ़ाना तथा समाज में समानता और सामाजिक न्याय के प्रति जागरूकता को सुदृढ़ करना है। श्री राय ने कहा कि बाबू जगजीवन राम जी ने देश के कृषि मंत्री के रूप में हरित क्रांति को अंजाम दिया। श्री अजय राय जी ने बताया कि बाबू जगजीवन राम जी ने के रक्षा मंत्री के रूप में 1971 के युद्ध में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन किया। अजय राय ने कहा कि बाबू जगजीवन राम के सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को जननायक श्री राहुल गांधी पूरे समर्पण के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में अपने नेता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस मुहीम को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# विजय बहादुर पाठक को पितृ शोक, भाजपा ने जताया शोक

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक के पिता एवं जनसंघ काल के वरिष्ठ कार्यकर्ता राधेश्याम पाठक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। राधे श्याम पाठक आजमगढ़ से जनसंघ के टिकट पर विधानसभा का चुनाव लड़ चुके है और उन्होंने संगठन में भी विभिन्न दायित्वों पर सक्रिय रहकर पार्टी को मजबूत बनाने का काम किया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की है।

पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह, कान्ताकर्दम, संतोष सिंह, सलिल विश्नोई, सत्यपाल सिंह सैनी, नीलम सोनकर, कमलावती सिंह, बृजबहादुर, सुनीता दयाल, दिनेश कुमार शर्मा, मानवेन्द्र सिंह, पद्म सेन चौधरी, मोहित बेनीवाल, धर्मेन्द्र सिंह, देवेश कोरी, त्रयंबक त्रिपाठी, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ल, अमर पाल मौर्य, अनूप गुप्ता, प्रियंका सिंह रावत, संजय राय, सुभाष यदुवंश, राम प्रताप सिंह चौहान, प्रदेश मंत्री शंकर गिरि, चन्द्रमोहन सिंह, मीना चौबे, अंजुला माहौर, विजय शिवहरे, शंकर लोधी, शकुन्तला चौहान, अनामिका चौधरी, पूनम बजाज, अर्चना मिश्रा, अमित वाल्मीकि, बंसत त्यागी, शिव भूषण सिंह, सुरेश पासी, अभिजात मिश्रा, डीपी भारती, प्रदेश कोषाध्यक्ष मनीष कपूर, प्रदेश सहकोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी भारत दीक्षित, प्रदेश सह मुख्यालय प्रभारी चौधरी लक्ष्मण सिंह, अतुल अवस्थी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, प्रदेश सहमीडिया प्रभारी हिमांशु दुबे, धर्मेन्द्र राय, प्रियंक पाण्डेय, अभय प्रताप सिंह, प्रदेश प्रवक्ता हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव, डा. समीर सिंह, मनीष शुक्ला, हीरो बाजपेयी, आलोक अवस्थी, अशोक पाण्डेय, जुगल किशोर, अनिल सिंह, राकेश त्रिपाठी, प्रशान्त वशिष्ठ, संजय चौधरी, आनन्द दुबे, साक्षी दिवाकर, आलोक वर्मा, महामेधानागर, अवनीश त्यागी, राज कुमार, अशोक तिवारी, ओम प्रकाश श्रीवास्तव तथा शिव कुमार पाठक ने भी प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक के पिता राधेश्याम पाठक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

# लखीमपुर में बसाये गये 331 हिन्दू परिवार

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बांग्लादेश से विस्थापित होकर आए 331 हिंदू परिवारों को लखीमपुर खीरी जिले की अलग-अलग तहसीलों के गांवों में बसाया गया है। इनमें धौरहरा तहसील के सुजानपुर गांव में 97 परिवार, मोहम्मदी तहसील के ग्राम मोहनपुर ग्रन्ट में 41 और मियांपुर गांव में सर्वाधिक 156 परिवारों को बसाया गया है। इसके अलावा गोला तहसील के गांव ग्रन्ट नंबर-3 में 37 परिवारों को बसाया गया है। इन परिवारों का पुनर्वास वर्षों पहले किया गया था और अब ये यहीं स्थायी रूप से रह रहे हैं।

इन विस्थापित परिवारों को बसाने के साथ ही उन्हें खेती के लिए जमीन भी आवंटित की गई। गोला तहसील के ग्रन्ट नंबर-3 में बसे 37 परिवारों को प्रति परिवार औसतन 3 एकड़ कृषि भूमि दी गई है। धौरहरा तहसील के सुजानपुर गांव में 60 परिवारों को प्रति परिवार औसतन 1.620 हेक्टेयर और 37 परिवारों को प्रति परिवार करीब 0.607 हेक्टेयर जमीन मिली है। मोहम्मदी तहसील के मोहनपुर ग्रन्ट में 15 परिवारों को प्रति परिवार 3 एकड़, 9 परिवारों को प्रति परिवार 7 एकड़ और 17 परिवारों को प्रति परिवार 5 एकड़ कृषि भूमि का पट्टा दिया गया है।

वहीं मियांपुर गांव में बसे 156 परिवारों को प्रति परिवार करीब 4.75 एकड़ जमीन दी गई है, जिससे वे खेती कर अपनी आजीविका चला रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि इन परिवारों को केवल जमीन ही नहीं दी गई, बल्कि सरकार की कई योजनाओं का लाभ भी पहुंचाया जा रहा है। पात्रता के आधार पर मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, विधवा और वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह जैसी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इसके अलावा राशन वितरण, टीकाकरण, मनरेगा, मिड-डे मील, समग्र शिक्षा योजना, स्वच्छ भारत मिशन और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के जरिए इन गांवों में बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी, दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि बांग्लादेश से विस्थापित होकर उत्तर प्रदेश पहुंचे 331 हिंदू परिवारों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जनपद लखीमपुर की 3 तहसीलों में बसाया गया है। इन परिवारों को न सिर्फ कृषि योग्य जमीन आवंटित की गई, बल्कि राज्य व केंद्र सरकार की सभी जन-कल्याण से जुड़ी योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया है।

# छात्रवृत्ति से वंचित छात्रों को दूसरा मौका, सरकार फिर खोलेगी पोर्टल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में छात्र-छात्राओं के हित में एक और महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए योगी सरकार ने छात्रवृत्ति से वंचित रह गए छात्रों को बड़ा मौका देने का फैसला किया है। समाज कल्याण विभाग जल्द ही शैक्षिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत संचालित छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के छूटे हुए छात्रों के लिए पोर्टल दोबारा खोलेगा, ताकि वे पुनः आवेदन कर इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र छात्र केवल तकनीकी या अन्य कारणों से छात्रवृत्ति से वंचित न रह जाए। इस योजना का लाभ सामान्य वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के साथ-साथ ट्रांसजेंडर समुदाय के विद्यार्थियों को भी मिलेगा, जो सामाजिक समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। समाज कल्याण विभाग के अनुसार, पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी इसी तरह की पहल के तहत पोर्टल खोला गया था, जिसके माध्यम से 53,041 छात्रों को कुल 81.12 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति प्रदान की गई। इनमें अनुसूचित जाति के 25,395 छात्रों को 30.65 करोड़ रुपये तथा सामान्य वर्ग के 27,646 छात्रों को 50.47 करोड़ रुपये की सहायता दी गई। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि हर जरूरतमंद छात्र तक शिक्षा का लाभ पहुंचे और कोई भी छात्र आर्थिक कारणों से अपनी पढ़ाई बीच में न छोड़े। सरकार की यह पहल न केवल शिक्षा के क्षेत्र में समावेशी विकास को बढ़ावा देगी, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण साबित होगी।

# अटारी आंगनवाड़ी केंद्र का कायाकल्प लोकार्पित



### बच्चों के उज्वल भविष्य की दिशा में बड़ा कदम

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। माल क्षेत्र के अटारी गांव में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र के कायाकल्प कार्य का भव्य लोकार्पण कुँवर यशवीर सिंह चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे और पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेत्री संयोगिता सिंह चौहान ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र ग्रामीण समाज की बुनियाद हैं, जहां से बच्चों के सर्वांगीण विकास की शुरूआत होती है। उन्होंने कहा कि केंद्र के नव रूप में सुसज्जित होने से बच्चों को बेहतर पोषण, प्रारंभिक शिक्षा और सुरक्षित वातावरण मिलेगा, जो उनके भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्य अतिथि कुँवर यशवीर सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों को सुदृढ़ बनाना ग्रामीण विकास और बाल कल्याण के लिए अत्यंत आवश्यक है। ग्रामवासियों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए खुशी जाहिर की और उम्मीद जताई कि केंद्र के कायाकल्प से क्षेत्र के बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा स्तर में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने केंद्र के नए स्वरूप का अवलोकन किया और इस पहल को गांव के विकास की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया।

# संक्षेप

## तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को मारी टक्कर हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार दोपहर एक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। शेखपुर नहर के पास तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि महिला सड़क पार कर रही थी, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गई और उसकी मौत हो गई। चालक ट्रक लेकर तुरंत मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी सूचना मिलने पर सदर कोतवाली पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से महिला की पहचान कराने का प्रयास किया हालांकि, खबर लिखे जाने तक मृतका की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पुलिस महिला की पहचान सुनिश्चित करने के लिए आसपास के इलाकों में पूछताछ कर रही है और गुमशुदगी की जानकारी भी खंगाल रही है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फरार ट्रक और उसके चालक की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी चालक को जल्द ही गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सरकारी विद्यालय के अंदर एक छात्रा को पागल कुत्ते ने काटा हुई घायल

अमन लेखनी समाचार

पाटन, उन्नाव। विकासखंड सुमेरपुर के कंपोजिट विद्यालय पाटन में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब कक्षा 6 की छात्रा अलसिफा, जो तकिया गांव की रहने वाली है, क्लास रूम के अंदर पढ़ाई कर रही थी। तभी अचानक एक पागल कुत्ता कमरे में घुस आया और किसी के कुछ समझ पाने से पहले ही छात्रा पर हमला कर दिया। इस हमले में बच्ची बुरी तरह घायल हो गई और खून से लथपथ हो गई।घटना के बाद तुरंत पशु चिकित्सा अधिकारी रामजीत प्रजापति और वन दरोगा राम बहादुर को सूचना दी गई, लेकिन दोनों अधिकारियों ने यह कहते हुए पल्ला झाड़ लिया कि यह हमारे कार्यक्षेत्र में नहीं आता है।इतना ही नहीं, जब वन विभाग की रेंजर से बात की गई तो उन्होंने भी साफ कहा कि कुत्ते वन्य जीव की श्रेणी में नहीं आते हैं, यानी यहां भी जिम्मेदारी से बचने की कोशिश साफ दिखी।आखिरकार विद्यालय की सहायक शिक्षिका अनामिका सिंह ने स्थिति को संभालते हुए डायल 112 और एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने घायल छात्रा को तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर पहुंचाया, जहां इलाज के बाद बच्ची को घर वापस भेज दिया गया वही जब बच्ची के पिता से बात की तो पिता ने जिम्मेदारों की लापरवाही पर घोर नाराजगी व्यक्त की।सबसे बड़ा सवाल यही है—जब स्कूल के अंदर बच्चियां सुरक्षित नहीं हैं, तो जिम्मेदारी आखिर किसकी है? प्रशासन और संबंधित विभाग कब जागेंगे।

# गंगा नदी के किनारे हो रहे कटान को लेकर किसानों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगा नदी के किनारे हो रहे कटान और क्षेत्रीय विकास से जुड़ी समस्याओं को लेकर सफीपुर और बांगरमऊ तहसील के किसानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। किसानों ने फोरलेन बांध के निर्माण की मांग उठाई है। फलाहारी बाबा लक्ष्मी शंकर शुक्ला और जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में एक दर्जन किसानों का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा। उन्होंने अपनी समस्याएं विस्तार से रखीं। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व फलाहारी बाबा लक्ष्मी शंकर शुक्ला और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा ने किया। किसानों ने ज्ञापन में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से बांगरमऊ और सफीपुर होते हुए परियर तक लगभग 55 किलोमीटर लंबा फोरलेन गंगा किनारे बांध बनाने की मांग की। उनका कहना है कि गंगा नदी के लगातार कटान से गांवों की कृषि भूमि तेजी से प्रभावित हो रही है, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि कटान के कारण कई गांवों की सीमाएं प्रभावित हो रही हैं और भूमि विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हो रही है। इसके अलावा, रोजगार और मूलभूत सुविधाओं के अभाव में लोगों का पलायन बढ़ रहा है। किसानों ने यह भी कहा कि क्षेत्र में स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाएं दूर होने के कारण बच्चों और ग्रामीणों को 15 से 20 किलोमीटर तक का सफर तय करना पड़ता है। इससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है और क्षेत्रीय विकास भी बाधित हो रहा है। फलाहारी बाबा लक्ष्मी शंकर शुक्ला ने जिलाधिकारी से इस प्रस्ताव को शासन स्तर पर अनुशंसा के साथ भेजने की मांग की। उनका कहना था कि फोरलेन बांध बनने से गंगा कटान पर नियंत्रण होगा, गांव सुरक्षित रहेंगे और क्षेत्र में आवागमन व विकास को नई गति मिलेगी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा ने भी जिलाधिकारी से समस्या के समाधान के लिए सकारात्मक पहल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशासन की सहमति मिलने के बाद प्रतिनिधिमंडल शासन स्तर पर भी इस मुद्दे को मजबूती से उठाएगा, ताकि किसानों और ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा ज्ञापन प्राप्त कर मामले पर नियमानुसार कार्रवाई और शासन को अवगत कराने का आश्वासन दिया गया है।

# डीआरएम ने स्टेशन अधीक्षक समेत तीन अधिकारियों को किया निलंबित

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। लखनऊ मंडल के डीआरएम सुनील कुमार के तीन दिन पूर्व किए गए निरीक्षण के बाद उन्नाव रेलवे स्टेशन पर बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की गई है। गंभीर खामियां मिलने पर रेलवे प्रशासन ने स्टेशन अधीक्षक सहित तीन अधिकारियों को निलंबित किया है।डीआरएम सुनील कुमार ने उन्नाव से गंगाघाट रेलवे स्टेशन तक यात्री सुविधाओं, पूछताछ व्यवस्था, तकनीकी कार्यों और स्टेशन प्रबंधन का गहन निरीक्षण किया था। इस दौरान कई गंभीर कमियां सामने आईं, जिसके बाद विभागीय कार्रवाई शुरू की गई।उन्नाव रेलवे स्टेशन के स्टेशन अधीक्षक त्रिभुवन जोशी को निलंबित कर दिया गया है। उन्हें पहले उन्नाव से बरनी स्थानांतरित किया गया था, लेकिन निरीक्षण में लापरवाही के कारण यह कार्रवाई हुई। दूसरे स्टेशन अधीक्षक उदय कुमार सिंह को भी डीआरएम का निरीक्षण सुचारु रूप से न कराने के आरोप में निलंबित कर लखनऊ स्थित डीआरएम कार्यालय से संबद्ध किया गया है।स्टेशन के पूछताछ काउंटर में गंभीर खामियां मिलने पर मुख्य वाणिज्य निरीक्षक (CMI) को भी निलंबित किया गया है। निरीक्षण में यात्रियों को सही जानकारी न मिलने और व्यवस्थाओं में अव्यवस्था की शिकायतें मिली थीं।तकनीकी विभाग में लापरवाही के लिए ररए टेलीकॉम को चार्जशीट जारी की गई है। ट्रैक और रखरखाव कार्यों में कमियां मिलने पर रेलपथ मार्ग निरीक्षक (PWI) को भी चार्जशीट थमाई गई है। डीआरएम ने निरीक्षण के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए थे कि यात्री सुविधाओं और सुरक्षा मानकों से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण में साफ-सफाई, सूचना प्रणाली, तकनीकी रखरखाव और प्रशासनिक समन्वय में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया गया था। इस कार्रवाई से रेलवे कर्मचारियों और अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। जनसंपर्क अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। रेलवे प्रशासन का कहना है कि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है और लापरवाही करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर का पड़ा मिला शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र में एक मजदूर का शव रिलायंस पेट्रोल पंप के पास मिला है। आशंका जताई जा रही है कि मजदूर की मौत किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान कल्लू (50) पुत्र सुंदर के रूप में हुई है, जो बरवा, थाना अजगैन, उन्नाव के निवासी थे। कल्लू मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे।परिजनों के अनुसार, कल्लू बुधवार सुबह करीब 8 बजे घर से निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। गुरुवार सुबह परिजनों को अजगैन स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास उनके शव मिलने की सूचना मिली। कल्लू अपने पीछे तीन बच्चों का परिवार छोड़ गए हैं, जिनमें दो बेटियां और एक बेटा शामिल हैं। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है और घटना के सही कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।



# मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गांव महाई में मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीओ मधुप नाथ मिश्र ने उपस्थित महिलाओं तथा छात्राओ को साइबर फ्रॉड से बचाव ,डिजिटल अरेस्ट जैसे नए प्रकार के स्कैम, ऑनलाइन ठगी के तरीके एवं उनसे बचाव के उपाय के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई ।सीओ ने कोतवाली सहित सभी थानों में स्थापित महिला मिशन शक्ति केंद्र की उपयोगिता के बारे में विस्तार से अवगत कराया।दरोगा राजेश कुमार सिंह ने महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों में प्रशासन द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता सुविधाओं हेतु संचालित हेल्पलाइन नंबर 1090, 112 ,1930 ,181 ,101, 108 ,102 के बारे में जानकारी दी। ।मिशन शक्ति टीम प्रभारी आंचल चौहान,सीमा यादव तथा उषा चौधरी ने महिला सशक्तिकरण ,साइबर सुरक्षा ,सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग एवं दैनिक जीवन में अपनाए जाने वाली सावधानियां के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए महिलाओं से बेझिझक महिला मिशन शक्ति केंद्र पर आकर अपनी समस्याओं से अवगत कराने की प्रेरित कर तत्काल समस्याओं के निराकरण की बात कही। बारा सगवर थाना क्षेत्र के कस्बा स्थित महावीरन मंदिर परिसर में मिशन शक्ति टीम व एंटी रोमियो टीम द्वारा बालिकाओं व महिलाओं को जागरूक किया गया। थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए बालिकाओं महिलाओं से विभिन्न हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से सुरक्षित रहने की अपील की।

# प्रभारी प्रधान शिक्षक को डीएम ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।शिक्षा सत्र 2026-27 के स्कूल चलो अभियान की शुरूआत जिला अधिकारी गौरांग राठी के द्वारा विकास भवन सभागार से की गई । शिक्षा सत्र 2025-26 में सर्वाधिक नामांकन किए जाने पर सफीपुर विकासखंड के कंपोजिट विद्यालय सकहन राजपूतान के प्रभारी प्रधान शिक्षक विनय कुमार को जिला अधिकारी व नगर पालिका अध्यक्षा श्वेता मिश्रा के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मुख्य विकास अधिकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लेखा अधिकारी महोदय व अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे। सफीपुर विकासखण्ड के विद्यालय को जिला अधिकारी महोदय के द्वारा सम्मान प्राप्त होने पर खंड शिक्षा अधिकारी अनीता शाह जूनियर शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष तौसीफ अली खान प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश द्विवेदी प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष संजय चौहान राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष सूरज गुप्ता देवेंद्र कुशवाहा जितेंद्र कुशवाहा रविंद्र कुमार सुरेंद्र कुमार व ब्लाक के बहुत से शिक्षकों ने शुभकामनाएं एवं बधाइयां प्रेषितकी।




# अलग अलग हुए सड़क हादसे में दंपति समेत तीन घायल

अमन लेखनी समाचार




सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार शाम दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक दंपती सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर में भर्ती कराया गया, जहां से दो की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

पहली घटना गुरुवार शाम करीब चार बजे हरदोई-उन्नाव मार्ग पर जमालुद्दीनपुर गांव के पास बांगरमऊ कटरा मोहल्ला निवासी राकेश (50) अपनी पत्नी सन्नो (45) के साथ बाइक से उन्नाव जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक एक ऑटो से टकरा गई। इस टक्कर में राकेश और सन्नो गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें सीएचसी सफीपुर पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने सन्नो के सिर में गंभीर चोट देखकर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया

दूसरी घटना चौधरी खेड़ा-सफीपुर मार्ग पर दरौली गेट के पास हुई। दरौली गांव निवासी जाहिद अली (60) सफीपुर कस्बे से काम निपटाकर रिक्शे से घर लौट रहे थे। तभी सामने से आ रही एक बाइक ने उनके रिक्शे में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में जाहिद अली गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें सीएचसी सफीपुर में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने जाहिद अली की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें भी जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# मिट्टी खोदते समय धंसा टीला युवक की मलबे में दबकर मौत

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। क्षेत्र के मोहान नगर पंचायत कटरा मोहल्ला निवासी विजय कुमार प्रजापति (40) पुत्र रामचंद्र घर से दो सौ मीटर दूर स्थित गौशाला के पास बृहस्पतिवार सुबह 10 बजे मिट्टी खोदने गए थे। मिट्टी निकालते समय अचानक ऊपर की कगार ढह गई और वह मिट्टी के नीचे दब गए। करीब एक घंटे बाद पास में मवेशी चरा रहे चरवाहों की नजर पड़ी तो उन्होंने परिजनों को सूचना दी।परिजन मौके पर पहुंचे और मिट्टी हटाकर विजय कुमार को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक के भाई अजय ने बताया कि विजय कुमार मिट्टी गूंधकर कुल्लड़, गगरी सहित अन्य मिट्टी के बर्तन बनाकर परिवार का पालन-पोषण करते थे। घटना के बाद पत्नी मोनी, छोटा भाई अनूप सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।मृतक के कोई संतान नहीं थी,कोतवाल शरद कुमार ने बताया कि विजय कुमार प्रजापति की मौत मिट्टी में दबने से हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



# आम के बाग में किशोरी का फंदे से लटकता मिला शव

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के चक्कुशहरी गांव के बाहर छः सौ मीटर दूर आम की बाग में बृहस्पतिवार दोपहर किशोरी का शव फंदे से लटका मिलने से परिजन बेहाल हो गए। क्षेत्र के चक्कुशहरी गांव निवासी लालचंद की 17 वर्षीय बेटी का शव गांव से 600 मीटर दूर छेदीलाल के आम के बाग में दुपट्टे के फंदे से लटका मिला। ग्रामीणों ने शव देख परिजनों को सूचना दी,मृतका के पिता लालचंद ने बताया कि उनकी बेटी 31 मार्च की रात बगैर बताएघर से गायब हो गई थी। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन एक अप्रैल को घर आ गई और किसी से कुछ बोली नहीं पूछने पर उसने कुछ बताया नहीं। बृहस्पतिवार को शव मिलने के बाद घटना की जानकारी परिजनो ने पुलिस को दी।मृतका तीन बहनों और एक भाई में सबसे छोटी थी। बड़ी बहन मीना और लक्ष्मी ,मा कुष्मा ,भाई रंजीत सहित परिजन रो रो कर बेहाल हो गए, कोतवाल शरद कुमार ने बताया कि परिजनो ने कोई आरोप नहीं लगाया कि पीएम के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा



# अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला समेत दो घायल

अमन लेखनी समाचार




पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में चाचा, भतीजा और भतीजे की मां शामिल हैं

, पुरवा थाना क्षेत्र के काली खेड़ा निवासी सोनेलाल (50 वर्ष) अपने भतीजे सुमित और सुमित की मां तारावती के साथ बाइक से घर जा रहे थे। हाबूसा पुलिया के पास पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई और तीनों सवार दूर जा गिरे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को संभाला और पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी।मौके पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से तीनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों के अनुसार, सोनेलाल को गंभीर चोटें आई हैं और उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। सुमित और तारावती को भी शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटें लगी हैं और उनका इलाज जारी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर मारने वाला वाहन मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और निरीक्षण किया। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, परिजनों ने आरोपी वाहन चालक की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

# पुरानी रंजिश को लेकर दबंगो ने युवक के साथ की मारपीट



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मांखी थाना क्षेत्र के कोरारी खुर्द गांव निवासी राम बाबू बाजपेई उर्फ नान्ह बाबू ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश के चलते कोरारी कला गांव निवासी तेज नरायन दुबे, शिव चंद्र दुबे पुत्रगण राम बरन दुबे व बिटोल पत्नी शिव चंद्र दुबे ने रास्ते में रोक लिया और गाली गलौज करने लगे बिरोध किया तो घेर लिया और मारपीट करने लगे जिससे वह गभीर रूप से घायल हो गया बचाव के लिए शोर मचाया तो ग्रामीणों के आने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि पीडित की तहरीर पर महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# कांग्रेसियों ने विद्युत विभाग के खिलाफ किया प्रदर्शन

## प्री-पेड मीटरों में खामियां, अधीक्षण अभियंता कार्यालय का घेराव

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर ,कांग्रेस कार्यकताओं ने विद्युत विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने प्री-पेड मीटरों की तकनीकी खामियों और बिना सूचना के मीटरों को प्री-पेड मोड में बदलने के आरोप लगाते हुए अधीक्षण अभियंता कार्यालय का घेराव किया। जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेसी खिरनीबाग रामलीला मैदान में एकत्रित हुए। वहां से उन्होंने पैदल मार्च करते हुए अधीक्षण अभियंता कार्यालय तक नारेबाजी की। अधीक्षण अभियंता की अनुपस्थिति के कारण कार्यकताओं ने वहीं धरना शुरू कर दिया। कांग्रेसियों का आरोप है कि विद्युत उपभोक्ताओं के मीटर बिना किसी पूर्व सूचना के प्री-पेड मोड में बदल दिए गए हैं। उनका कहना है कि यह जनहित के विरुद्ध है, क्योंकि बिना वैकल्पिक व्यवस्था के हजारों परिवारों के कनेक्शन स्वतः कट रहे हैं, जिससे आम जनता को अंधेरे में रहना पड़ रहा है। कार्यकताओं ने यह भी आरोप लगाया कि बिल जमा करने के बावजूद घंटों या दिनों तक बिजली बहाल नहीं होती, जो वर्तमान सॉफ्टवेयर और सर्वर प्रणाली की विफलता को दर्शाता है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं के बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि देखी जा रही है। जिससे मीटरों की सटीकता पर सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेसियों ने विद्युत क्षेत्र के निजीकरण का भी विरोध किया, इसे जनहित और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि संविदा कर्मचारियों की छंटनी से विद्युत आपूर्ति और रखरखाव की व्यवस्था चरमरा गई है। कांग्रेस कार्यकताओं ने मांग की है कि स्मार्ट प्री-पेड मीटरों की तकनीकी खामियों को तत्काल दुरुस्त किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक व्यवस्था सुचारू न हो, तब तक स्वतः बिजली काटने की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए और बिलिंग संबंधी शिकायतों का पारदर्शी निस्तारण हो। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।



## सम्पादकीय

# बिहार की राजनीति से नीतीश की केंद्र में एंट्री

बिहार की राजनीति में एक संभावित बड़े मोड़ की आहट सुनाई दे रही है। सीएम नीतीश कुमार का विधान परिषद से इस्तीफा महज एक संवैधानिक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक लंबे राजनीतिक युग के अंत का संकेत है। जिस नेता ने लालू प्रसाद यादव के कथित जंगलराज के बाद सुशासन और विकास की राजनीति को स्थापित किया, वही अब केंद्र की ओर कदम बढ़ाते दिख रहे हैं। यह बदलाव केवल व्यक्ति का नहीं, बल्कि बिहार की सत्ता संरचना और राजनीतिक संतुलन का भी पुनर्संयोजन है। नीतीश कुमार का राजनीतिक सफर हमेशा से व्यावहारिकता, संतुलन और समय के साथ खुद को ढालने की क्षमता का प्रतीक रहा है। वे न तो पूर्णतः वैचारिक राजनीति के बंधन में बंधे, न ही केवल अवसरवाद के प्रतीक बने। यही कारण है कि वे कई बार सत्ता के समीकरणों को अपने पक्ष में मोड़ने में सफल रहे, लेकिन इस बार मामला अलग है। राज्यसभा के लिए उनका चुना जाना और उसके बाद विधान परिषद से इस्तीफा देना इस ओर संकेत करता है कि उनकी भूमिका अब राज्य की सीमाओं से बाहर जाकर राष्ट्रीय राजनीति में अधिक प्रभावशाली हो सकती है। हालांकि यह देखने वाली बात है कि केंद्र में उनकी भूमिका क्या रहेगी। संवैधानिक रूप से भले ही वे छह महीने तक मुख्यमंत्री बने रह सकते हैं, परंतु संकेत साफ हैं बिहार में नेतृत्व परिवर्तन की जमीन तैयार हो चुकी है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या बिहार में पहली बार भाजपा अपना मुख्यमंत्री बना पाएगी? भाजपा के लिए यह अवसर जितना आकर्षक है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। अब तक बिहार की राजनीति में वह सहयोगी की भूमिका में रही है, जहां अंतिम निर्णयों में जनता दल (यूनाइटेड) और विशेषकर नीतीश कुमार का प्रभाव निर्णायक रहा। यदि भाजपा अपना मुख्यमंत्री बनाती है, तो उसे केवल सत्ता संभालने की नहीं, बल्कि सामाजिक और जातीय समीकरणों को साधने की कठिन परीक्षा से भी गुजरना होगा। मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सम्राट चौधरी का नाम सबसे आगे माना जा रहा है। कुशवाहा समाज से आने वाले सम्राट चौधरी ओबीसी समीकरणों को साधने में भाजपा के लिए उपयोगी हो सकते हैं। वहीं नित्यानंद राय का नाम भी चर्चा में है, जो यादव समुदाय से आते हैं और केंद्र में अनुभव रखते हैं। इन नामों के बीच संतुलन बनाना भाजपा के लिए आसान नहीं होगा, क्योंकि बिहार की राजनीति में जातीय आधार अब भी निर्णायक भूमिका निभाता है। यहां एक और महत्वपूर्ण पहलू है नीतीश कुमार की "मौन सहमति"। भले ही वे औपचारिक रूप से पद छोड़ दें, लेकिन उनके राजनीतिक प्रभाव को नजरअंदाज करना किसी भी दल के लिए जोखिम भरा होगा। भाजपा को यह समझना होगा कि बिहार में स्थिरता बनाए रखने के लिए नीतीश की भूमिका अभी समाप्त नहीं हुई है। उनकी सहमति और समर्थन के बिना कोई भी नया नेतृत्व अस्थिरता का शिकार हो सकता है। दूसरी ओर, विपक्ष भी इस बदलाव को अवसर के रूप में देख रहा है। राजद और अन्य दल इस स्थिति में राजनीतिक असंतोष को भुनाने की कोशिश करेंगे। यदि भाजपा नेतृत्व परिवर्तन में कोई चूक करती है, तो यह विपक्ष के लिए बड़ा मौका बन सकता है। यह कहना गलत नहीं होगा कि बिहार एक नए राजनीतिक अध्याय के द्वार पर खड़ा है। नीतीश की केंद्र में संभावित एंट्री जहां राष्ट्रीय राजनीति को नया आयाम दे सकती है, वहीं, राज्य में नेतृत्व परिवर्तन कई नए समीकरणों को जन्म देगा। यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि बिहार की राजनीतिक दिशा और दशा तय करने वाला क्षण है।



मुद्दा
उमेश चतुर्वेदी

# माओवाद का खात्मा और पुनर्वास नीति

2019 में केंद्रीय गृह मंत्रालय की कमान संभालने के बाद अमित शाह ने तो खुलेआम नक्सलियों को चेतावनी देनी शुरू कर दी कि या तो वे हथियार डालें या फिर गोली खाने के लिए तैयार रहें। इसके साथ ही उन्होंने 31 मार्च 2026 तक माओवादी हिंसा से देश को मुक्त कर देने का ऐलान कर दिया था। जिस तरह हाल के दिनों में शीर्ष नक्सली कमांडर या तो मारे गए हैं या फिर उन्होंने हथियार डाले हैं, उससे लगता है कि भाजपा सरकार का देश से किया यह वादा पूरा होने जा रहा है। वैसे इसमें राज्य सरकारों द्वारा जारी पुनर्वास योजनाओं की भी बड़ी भूमिका रही है। राज्य सरकारों ने नक्सलियों की वापसी के बाद उन्हें नई जिंदगी शुरू करने के लिए तत्काल डेढ़ लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी है।

कभी देश के एक तिहाई हिस्से पर अपनी समानांतर सरकार चलाने वाली माओवादी विचारधारा का क्या आज अंत हो जाएगा? यह सवाल इसलिए महत्वपूर्ण हो चुका है, क्योंकि नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली केंद्रीय सरकार ने आज ही के दिन को माओवादी आतंकवाद का आखिरी दिन घोषित कर रखा है। ठीक एक हफ्ते पहले यानी 25 मार्च को बस्तर के मुख्यालय जगदलपुर में शीर्ष माओवादी नेता पापा राव के नेतृत्व में 18 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया, तब कहा गया कि पापा राव आखिरी महत्वपूर्ण नक्सली कमांडर हैं और उन्होंने भी हथियार सौंप दिए हैं।

2014 के आम चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में माओवाद पर लगाम का वादा किया था। तब झीरम घाटी कांड की याद ताजा थी, जिसमें विद्याचरण शुक्ल समेत छत्तीसगढ़ कांग्रेस का तकरीबन समूचे शीर्ष नेतृत्व को माओवादियों ने घेरकर मार डाला था। वैसे तो नक्सली खुद भी मानते रहे हैं कि उनके लिए कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी की सरकारों में खास अंतर नहीं रहा। अलबत्ता कांग्रेस की सरकार उस स्तर तक माओवादी हिंसा के खिलाफ सख्त कदम उठाने से बचती रही हैं, जिस तरह के कदम बीजेपी की अगुआई वाली सरकारें उठाती रही हैं।

बस्तर में छह अप्रैल 2010 को बारूदी सुरंगों के जरिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 76 जवानों को उड़ाने के बाद नक्सलियों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी गुस्सा था। मनमोहन सिंह की अगुआई वाली तत्कालीन केंद्र सरकार माओवादियों के खिलाफ सैनिक कार्रवाई का मन बना चुकी थी, लेकिन माओवादी विचारधारा वाली सिविल सोसायटी के दबाव में यह विचार उसने त्याग दिया था, लेकिन बीजेपी ने माओवादियों के लिए कोई रियायत नहीं बरती। 2019 में केंद्रीय गृहमंत्रालय की कमान संभालने के बाद अमित शाह तो खुलेआम नक्सलियों को चेतावनी देनी शुरू कर दी कि या तो वे हथियार डालें या फिर गोली खाने के लिए तैयार रहें। इसके साथ ही उन्होंने 31 मार्च 2026 तक माओवादी हिंसा से देश को मुक्त कर देने का ऐलान कर दिया था। जिस तरह हाल के दिनों में शीर्ष नक्सली कमांडर या तो मारे गए हैं या फिर उन्होंने हथियार डाले हैं, उससे लगता है कि बीजेपी सरकार का देश से किया यह वादा पूरा होने जा रहा है। वैसे इसमें राज्य सरकारों द्वारा जारी पुनर्वास योजनाओं की भी बड़ी भूमिका रही है। इस सिलसिले में छत्तीसगढ़ सरकार का विशेष तौर पर उल्लेख किया जाना चाहिए। माओवादी विचारधारा के प्रभाव आकर घर-परिवार, सुख-चैन छोड़कर जंगलों की खाक छानने और मौजूदा सत्ता से जूझने वाले माओवादी युवाओं को मुख्यधारा में लाने में सिर्फ केंद्रीय सुरक्षा बलों की गोलियों ने ही भूमिका नहीं निभाई है, बल्कि राज्यों की पुनर्वासिय योजनाओं का भी बड़ा योगदान रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने 2025-26 की अपनी पुनर्वास नीति में हिंसा छोड़ने वाले नक्सलियों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कई कदम उठाए, जिनमें उसका 'पूना मारगेम' अभियान प्रमुख रहा। इन दोनों शब्दों का अर्थ है 'नया रास्ता'। इसके तहत दंडकारण्य क्षेत्र के सैकड़ों माओवादी कैडरों को मुख्यधारा में वापस लाने की सफल कोशिश हुई। इस योजना के तहत नक्सलियों की वापसी के बाद उन्हें नई जिंदगी शुरू करने क के लिए तत्काल डेढ़ लाख रुपये तक की आर्थिक



सहायता दी गई, साथ ही उन्हें तीन साल के लिए मासिक वजीफा और व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाना शुरू हुआ। इसका मकसद यह रहा कि हथियार छोड़ने के बाद मुख्यधारा में लौटे माओवादी आत्मनिर्भर जिंदगी बीता सकें। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने हथियार सौंपने वाले माओवादियों को अलग से प्रोत्साहन राशि देने की भी व्यवस्था की। इससे राज्य में माओवादियों के समर्पण में तेजी आई। हथियार छोड़ने वाले माओवादियों के बच्चों की शिक्षा का इंतजाम किया गया, इसके साथ ही उन्हें सुरक्षित आवास भी मुहैया कराए गए। इसके साथ ही उन्हें वापसी के बाद भयमुक्त जीवन गुजारने के लिए परिवार की सुरक्षा की गारंटी भी दी गई। ये योजनाएं अभी खत्म नहीं हुई हैं और जारी भी हैं। कभी माओवादियों के डर से बस्तर में सड़कें तक बनाना संभव नहीं था, बिजली पहुंचाना भी कठिन था, लेकिन केंद्र सरकार की शह पर राज्य सरकार ने बस्तर जैसे हिंसा प्रभावित क्षेत्र में भी सड़क, स्कूल और अस्पतालों का निर्माण कराने में तेजी दिखाई। बस्तर के कुछ इलाके में रेलवे लाइन भी पहुंच गई है। अब इस इलाके में सड़कें भी बेहतर हो गई हैं। इन कदमों से माओवादी प्रभाव में रहने वाले इलाकों में भरोसा बहाली में मदद मिली। सरकारी योजनाओं के साथ ही सरकार के प्रति भी लोगों का रवैया बदला।

इसका असर साफ नजर आया। छत्तीसगढ़ में पिछले 26 महीनों में 2,700 से अधिक माओवादियों ने सरकार की पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पण किया है। सिर्फ मार्च 2026 में जगदलपुर में 108 माओवादियों ने समर्पण किया। इसके पहले 210 ने किया था। अक्टूबर 2025 में भी170 नक्सलियों ने सरेंडर किया था। इसे राज्य में नक्सलविरोधी सुरक्षा अभियान और पुनर्वास कार्यक्रम की मिलीजुली सफलता के रूप में देखा जाना चाहिए। माओवादी अगर मुख्यधारा में लौटे तो इसकी एक मात्र वजह सुरक्षा बलों की सख्त कार्रवाई ही नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति और केंद्र सरकार के रविश्वास, विकास और सुरक्षार के त्रिकोणीय मॉडल की कामयाबी रही। छत्तीसगढ़ सरकार अब इससे भी आगे बढ़ गई है और पुनर्वास से पुनर्जीवन की नीति पर आगे बढ़ रहा है। कभी पशुपति से तिरुपति यानी नेपाल से आंध्र तक का जंगली इलाका लाल गलियारे के रूप में विख्यात था। यहां सुरक्षा बलों के लिए भी घुसना आसान नहीं था। इन इलाकों में देश के तकरीबन एक तिहाई जिले आते थे। इन जिलों में माओवादी वैचारिकी के असर वाले हथियारबंद दस्तों की सत्ता चलती थी। माओवादी स्कूलों, रेलवे लाइनों, पुलिस थानों, डाकघरों को निशाना बनाते थे। चूंकि विकास की धारा इन इलाकों में माओवादी हथियारबंद दस्तों के अवरोध के चलते बह नहीं पा रही थी, इस लिए अविश्वास का माहौल बढ़ता रहा। लेकिन मोदी सरकार ने सत्ता संभालते ही एक तरफ माओवादियों को उन्हीं की तर्ज में गोली का जवाब गोली से देना शुरू किया, वहीं दूसरी तरफ उनके पुनर्वास के साथ ही नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास की धारा को भी बहाने की कोशिश तेज की। माओवादी कहते रहे हैं कि सत्ता की राह बंदूक की गोली से निकलती है, बारूद से निकलती है, मोदी सरकार ने कुछ उसी अंदाज में माओवादी सत्ता की राह बंदूक और बारूद से रोका, लेकिन दूसरी तरफ पुनर्वास अभियान भी जारी रखा। वैसे यह भी सच है कि विचारधाराएं कभी नहीं मरतीं, एक विचारधारा के रूप में वह माओवाद भी जिंदा रह सकता है। लेकिन अब उसके उस तरह प्रतिबद्ध अनुयायी नहीं होंगे, उनकी गोलियों की आवाज और धमक भी नहीं होगी। अगर यह विचारधारा लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़े तो शायद ही किसी को एतराज होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि अगर यह विचारधारा जिंदा भी बचती है तो वह लोकतांत्रिक ढंग से आगे बढ़ेगी, हथियारों के दम पर नहीं।

ईंधन संकट
अखिलेश आर्येन्दु



# रूस का खामोश खेल और भारत में तेल-गैस की चुनौती

रूस ने 1 अप्रैल से चार महीने के लिए पेट्रोल (गैसोलीन) के निर्यात को स्थगित करने की घोषणा की है। इस घोषणा के पीछे रूस ने अपने घेरलू बाजार में ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने और वैश्विक बाजार में तेल की बढ़ रही कीमतों को नियंत्रित करने के बाबत उठाया गया कदम बताया है। रूस की इस घोषणा से दुनियाभर में तेल की कीमतों में हलचल देखा जा रहा है। रूस रोजाना 1,20,000 से 1,70,000 बैरल तेल निर्यात करता है। इससे उसको रोजाना करोड़ों डालर की आमदनी होती है। ब्राजील, चीन, तुर्की, सिंगापुर और अफ्रीका उसके मुख्य तेल के खरीददार हैं। भारत भी बहुत बड़े पैमाने पर रूस से तेल खरीदता है, लेकिन वह तेल कच्चा होता है। रूस से जो तेल भारत को अभी तक मिलता रहा है वह अन्य देशों से खरीदे गए तेलों से सस्ता और बेहतर है। इसलिए कहा जा रहा है कि जब रूस तेल निर्यात करना बंद कर देगा तो, भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए सस्ते दामों पर खरीदने का कार्य किन देशों से करेगा? यह भी कहा जा रहा है कि रूस दुनिया के दूसरे देशों को तेल देना भले बंद कर देगा, लेकिन भारत को कच्चा तेल देना बंद नहीं करेगा। सवाल यह किया जा रहा है कि रूस तेल के मामले में इस तरह का कदम क्यों उठाने जा रहा है? इसके पीछे उसका कोई बड़ा मकसद हासिल करना है या दुनिया को यह एहसास कराना है कि महाशक्ति रूस है, अमेरिका नहीं, जिसके पास तेल रूपी हथियार की वह ताकत है जो अमेरिका के पास नहीं है। सामरिक जानकारी रखने वालों का कहना है कि तेल निर्यात बंद करने की घोषणा के पीछे रूस का वह खामोश खेल है जो वह चुपचाप खेल रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि रूस दुनिया की तेल के बाजारों में तेल की कीमतों को उस ऊंचाई तक ले जाना चाहेगा जिससे उसे बहुत बड़ी धनराशि कुछ ही दिन में मिल जाएगी। दूसरी बात। रूस की इस नई घोषणा से तेल के लिए निर्भर देश उससे इस घोषणा को वापस लेने का दबाव बना सकते हैं, जिसके जवाब में रूस अपनी नई नीति और योजना का खुलासा उपयुक्त अवसर पर कर सकता है। इस वक्त दुनिया के तेल बाजार में उतार-चढ़ाव की हलचल देखी जा रही है। अमेरिका-इजराइल-ईरान युद्ध होते 20 दिन गुजर चुके हैं। अमेरिका ने एक सप्ताह पहले भारत सहित दुनियाभर के उन देशों से निवेदन किया था कि रूस से तेल खरीदने वाले सभी देश वहां से ज्यादा से ज्यादा तेल खरीदें, जिससे दुनिया में तेल को लेकर कोई संकट न खड़ा हो। लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान द्वारा तेल जहाजों की नाकेबंदी ने अमेरिका की इस अपील को मूर्तरूप नहीं दिया जा सका। यहां तक कि चीन के तेल टंकरों को ईरान (होर्मुज) गुजरने की अनुमति नहीं दे रहा है।

रूस की खामोशी इस तरह की है जैसे बरात बिदा हो जाने के अगले दिन होती है। वह ईरान को मदद इस तरह से कर रहा है जो न तो पूरी तरह परोक्ष है और न तो पूरी तरह अपरोक्ष ही है। रूस-यूक्रेन युद्ध में अमेरिका ने खुलकर यूक्रेन का साथ दिया और अपने मित्र देशों से दिलवाया भी, लेकिन रूस की नीति इस मामले में एकदम अलग तरह की है। वह ईरान को नैतिक मदद दे रहा है साथ ही, तेल के मामले में ईरान को होर्मुज में नाकेबंदी कर आमदनी बढ़ाने की सलाह गुपचुप दे रहा है।

भारत में धीरे-धीरे ही सही गैस और तेल संकट का आगाज दिखाई देने लगा है। केंद्र सरकार लगातार गैस और तेल की किल्लत से इनकार जरूर कर रही है, लेकिन दिल्ली से बाहर गैस संकट साफ दिखाई देने लगा है। ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते से गैस और तेल के जहाज भारत पहुंच तो रहे हैं, लेकिन उतने नहीं, जितने की जरूरत है। दूसरी बात। देशभर में जमाखोरों के पौ-बारह होते दिखाई दे रहे हैं। यह भ्रष्टाचार, चोरबाजारी और कालाबाजारी की वजह से आया हुआ संकट है, जिसे तेल आयात करके नहीं, बल्कि पुलिस प्रशासन और खुफिया-तंत्र को सक्रिय और जागरूक करके कम किया जा सकता है। गैस और तेल की पूर्ति के लिए आत्मनिर्भर होने की कावयद वर्षों से होती रही है, लेकिन सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, गैस गोबर और कचरे व अन्य चीजों से बनाई तेल व गैस की पूर्ति नहीं हो पाई है। भारत के सामने जैसी

# संपत्ति को परमार्थ में न लगाना ही असफलता



संकलित
दर्शन

संतोष सभी गुणों में सर्वोपरि है। जीवन में संतुष्टि है, तो सद्गुणों को अपनाना सहज है। जहां सद्गुणों का वास है, वहां दुर्गुणों का नाश हो ही जाता है। क्योंकि, असंतुष्टि अशांति व अवगुणों की जननी है। असंतुष्टि का कारण अप्राप्ति है, किसी न किसी इच्छा या अपेक्षा की अपूर्ति है। ईश्वरीय ज्ञान, गुण व शक्तियों की प्राप्ति, धारणा व उपार्जन से इंसान की सभी सदिच्छाओं व आवश्यकताओं की सहज पूर्ति हो जाती है। संतुष्ट आत्मा बनने का अर्थ है सदा सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलना। संतोष द्वारा सर्व दिव्य गुणों का आह्वान होता है, जिससे सर्व अवगुणों की आहुति स्वतः हो जाती है। जीवन में अप्राप्ति या असंतुष्टि का कारण अंदर की कमियां या कमजोरियां ही हैं, जो परमात्म ज्ञान और योग साधना की प्राप्तियों से दूर हो जाती हैं। जिन्हें सर्व प्राप्तियां हैं, उसके चिह्न उनके मुख और व्यक्तित्व में प्रसन्नता के रूप में दिखाई देते हैं। आजकल लोगों के चेहरे पर सदा प्रसन्नता की झलक देखने को नहीं मिलती है। इंसान कभी प्रसन्नचित्त है तो और कभी प्रश्नचित्त बन जाता है। किसी भी परिस्थिति में हम क्यों, क्या, कैसे, कब... जैसे प्रश्नों से प्रश्नचित्त बन जाते हैं। पर कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो सदा प्रसन्नचित्त होते हैं। उनकी किसी भी बात में प्रश्न नहीं होता है। जो प्राप्तियों से सम्पन्न होता है, उसमें हलचल नहीं होती है। जो खाली होता है, उसमें हलचल होती है। स्वयं से पूछिए कि क्या मैं सदा प्रसन्नचित्त रहता या रहती हूं? यदि प्रसन्नता कम होती है तो उसका कारण प्राप्ति की इच्छा है।

# गणेश विनायक जी की कथा



संकलित
प्रेरणा

एक गांव में मां-बेटी रहती थीं। एक दिन वह अपनी मां से कहने लगी कि गांव के सब लोग गणेश मेला देखने जा रहे हैं, मैं भी मेला देखने जाऊंगी। माँ ने जाने से पहले बेटी को दो लड्डू दिए और एक घण्टी में पानी दिया। मां ने कहा कि एक लड्डू तो गणेश जी को खिला देना और थोड़ा पानी पिला देना। दूसरा लड्डू तुम खा लेना और बचा पानी भी पी लेना। लड़की मेले में चली गई। मेला खत्म होने पर सभी गांववाले वापिस आ गए लेकिन लड़की वापिस नहीं आई। लड़की मेले में गणेश जी के पास बैठ गई और कहने लगी कि एक लड्डू और पानी गणेश जी तुम्हारे लिए और एक लड्डू और बाकी बचा पानी मेरे लिए। इस तरह कहते-कहते सारी रात बीत गई। गणेश जी यह देखकर सोचने लगे कि अगर मैंने यह एक लड्डू और पानी नहीं पीया तो यह अपने घर नहीं जाएगी। यह सोचकर गणेश जी एक लड़के के वेश में आए और उससे एक लड्डू लेकर खा लिया और साथ ही थोड़ा पानी भी पी लिया फिर वह कहने लगे कि मांगो तुम क्या माँगती हो? लड़की मन में सोचने लगी कि क्या मांगू? अन्न मांगू या धन मांगू या अपने लिए अच्छा वर माँगू या खेत मांगू या महल मांगू! वह मन में सोच रही थी तो गणेश जी उसके मन की बात को जान गए। वह लड़की से बोले कि तुम अपने घर जाओ और तुमने जो भी मन में सोचा है वह सब तुम्हें मिलेगा। लड़की घर पहुंची तो मां ने पूछा कि इतनी देर कैसे हो गई? बेटी ने कहा कि आपने जैसा कहा था मैंने वैसा ही किया है और देखते ही देखते जो भी लड़की ने सोचा था वह सब कुछ हो गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अपने ऊपर नियंत्रण रखना सिखाती है शिक्षा

मनुष्य के जीवन में शिक्षा का महत्व अत्यंत गहरा माना गया है, परंतु केवल पुस्तकीय ज्ञान या डिग्रियों का संग्रह ही किसी को शिक्षित नहीं बनाता। वास्तविक शिक्षा वह है जो व्यक्ति को अपने ऊपर नियंत्रण रखना सिखाए। यदि कोई व्यक्ति हर परिस्थिति में स्वयं को संयमित रख सकता है तो वही सच्चे अर्थों में शिक्षित कहलाने योग्य है। इसके विपरीत यदि मन में उठने वाली उत्तेजनाओं और आवेगों पर नियंत्रण नहीं है तो ऐसी शिक्षा का कोई वास्तविक मूल्य नहीं रह जाता। जीवन में महान कार्यों की प्राप्ति तभी संभव है जब व्यक्ति स्वयं का स्वामी बने और अपने विचारों तथा भावनाओं को दिशा देने में सक्षम हो। इतिहास इस सत्य का साक्षी रहा है कि आत्मसंयम के अभाव में असंख्य लोगों का जीवन नष्ट हुआ है। अनेक प्रतिभाशाली व्यक्ति अपनी ही कमजोरियों के कारण सब कुछ खो बैठे।

*- शरद ताम्रकार, दुर्ग*

## ट्रेंड

### आदिवासियों को अंधेरे में रखा



जो लोग पूरी व्यवस्था को नकार कर हथियार उठा लेते हैं, उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी। सालों से आदिवासियों को अंधेरे में रखा गया। वामपंथियों ने अपनी विचारधारा को फैलाने के लिए आदिवासियों को बहकाया। -**अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

### जीएसवी में बने उत्कृष्टता केंद्र



विनिर्माण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रतिभाओं के विकास के लिए गतिशक्ति विश्वविद्यालय (जीएसवी) में एक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाना चाहिए। विमानन, रेलवे, समुद्री, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि जैसे क्षेत्रों के लिए विनिर्माण प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण में उच्च स्तर की सटीकता और प्रयास की जरूरत होती है। -**अश्विनी वैष्णव**, रेल मंत्री

### देश को बांट रही भाजपा



भाजपा समाज के सभी वर्गों के बीच झगड़ा भड़का रही है। चुनाव के बाद गैस और कैश देना बंद कर देगी। भाजपा देश लूटना चाहती है। लेकिन पश्चिम बंगाल की जनता भाजपा को कड़ा सबक सिखाएगी। भाजपा ने हमेशा धर्म के नाम पर देश को बांटने का प्रयास किया है। -**ममता बनर्जी**, सीएम, बंगाल

### सबको पता है सच



केरल की जनता जमीनी सच्चाई अच्छी तरह जानती। किसी भी बयान से हकीकत नहीं बदलेगी। पूरा केरल जानता है कि असली गठबंधन किसके बीच है। प्रधानमंत्री कुछ भी कहे, सच सबको पता है। भाजपा कभी भी देश का विकास नहीं कर सकती। -**प्रियंका गांधी**, कांग्रेस सांसद

## करंट अफेयर

# इजराइल की संसद ने बजट किया पारित



इजराइल की संसद ने सोमवार को रातभर चले एक मैराथन सत्र में वार्षिक बजट पारित कर दिया, जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार अपना कार्यकाल पूरा कर सकेगी। इजराइल को समय पूर्व चुनाव से बचने के लिए एक अप्रैल से पहले बजट पारित करना आवश्यक था। नेतन्याहू के पास अब भी यह अधिकार सुरक्षित है कि यदि वह चाहें तो समय से पहले चुनाव करा सकते हैं। इजराइल के विपक्षी दल ने बजट की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इसमें अति-रूढ़िवादी समुदायों को मिलने वाली धनराशि में वृद्धि की गई है, जबकि देश ईरान में युद्ध के कारण बढ़ती महंगाई का सामना कर रहा है

## ऑफ बीट

# धीरे-धीरे दौड़ने के होते हैं कई फायदे



धावकों को समय को लेकर जुनून होता है। शौकिया हों या पेशेवर, अधिकतर धावकों का उद्देश्य तेजी से दौड़ना होता है। वे अपने मैराथन समय में से कुछ सेकंड कम करने के लिए लगातार प्रशिक्षण लेते हैं। लेकिन हाल के वर्षों में दौड़ने का जो चलन जोर पकड़ रहा है, वह है 'धीमी गति से दौड़ना'। इस चलन के पीछे विचार यह है कि कोई भी दौड़ सकता है – चाहे आपकी क्षमता कुछ भी हो या आप कितनी भी तेज दौड़ें। एक मजबूत आधार विकसित करने से काम करने वाली मांसपेशियों को प्रति धड़कन अधिक ऑक्सीजन पहुंचाने की क्षमता मिलती है, जो दौड़ में सफल होने के लिए महत्वपूर्ण है।

## संक्षेप

### ऑपरेशन चक्रव्यूह में गैंगस्टर जुनैद गिरफ्तार

**जिले में 15 आपराधिक मामले दर्ज, गैंगेस्टर में चल रहा था वांछित**

अमेठी , एसपी सरवणन टी के निर्देश पर चलाए जा रहे 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' में पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है।पुलिस ने गैंगस्टर समेत 15 से अधिक मामलों में वांछित शातिर बदमाश जुनैद पुत्र अख्तर को गिरफ्तार किया है। जुनैद पर जिले के अलग-अलग थानों में गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं पुलिस ने जुनैद को चेकिंग के दौरान जगदीशपुर थाना क्षेत्र के नया पुरवा खैरातपुर गांव से गिरफ्तार किया।42 वर्षीय जुनैद के पास से तलाशी के दौरान एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।गिरफ्तार जुनैद पर यूपी गैंगस्टर एक्ट, गोवध, एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट सहित कुल 15 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह लंबे समय से पुलिस की तलाश में था। 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' का उद्देश्य जिले में अपराधियों पर नकेल कसना है।इस अभियान के तहत अब तक बड़ी संख्या में अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है। जुनैद को गिरफ्तार करने वाली टीम में जगदीशपुर इंस्पेक्टर धीरेंद्र कुमार यादव, उप निरीक्षक शेख नईम, कांस्टेबल अवनीश कुमार, कांस्टेबल ओमप्रकाश और कांस्टेबल नीरज कुमार शामिल रहे।

### इलाज के दौरान युवक की ट्रामा सेंटर में मौत

**रिश्तेदार ने 13 मार्च को चाकू से किया था हमला, पत्नी से बात करने का शक था**

अमेठी , मुसाफिरखाना में बहू भोज कार्यक्रम के दौरान चाकूबाजी में घायल युवक विजय बहादुर विश्वकर्मा (35) की मंगलवार सुबह लखनऊ ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई।उस पर 13 मार्च को उसके छोटे साढ़ू रोहित विश्वकर्मा ने हमला किया था। यह घटना मुसाफिरखाना कस्बे में जग प्रसाद के बेटे के बहू भोज कार्यक्रम के दौरान हुई थी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। जानकारी के अनुसार, सुल्तानपुर के कुड़वार थाना क्षेत्र निवासी रोहित विश्वकर्मा ने अपने साढ़ू विजय बहादुर को औरंगाबाद माइनर के पास बुलाया था। बताया जा रहा है कि रोहित को शक था कि विजय बहादुर उसकी पत्नी से फोन पर बात करता था, जिससे नाराज होकर उसने विजय बहादुर पर चाकू से कई वार किए। इलाज के लिए लखनऊ भेजा गया हमले के बाद आरोपी रोहित मौके से फरार हो गया।परिजनों ने गंभीर रूप से घायल विजय बहादुर को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुसाफिरखाना पहुंचाया।प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल से विजय बहादुर को बेहतर इलाज के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया था, जहां मंगलवार सुबह उसकी मौत हो गई।पुलिस ने घटना के तीन दिन बाद आरोपी रोहित विश्वकर्मा और उसके भाई अनिल विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# 55 साल के न्यूरो सर्जन ने छात्रा से किया बैडटच

## प्रयागराज में बोली- कपड़े उतरवाए, मना किया तो धमकी दी

**अमन लेखनी समाचार**




प्रयागराज, जाने-माने न्यूरो सर्जन डॉ. कार्तिकेय शर्मा पर गुरुवार को बैडटच की एफआईआर दर्ज की गई है। इअ की छात्रा ने उन पर छेड़खानी का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि डॉक्टर ने जबरन उसके कपड़े उतरवाए। फिर गंदी नीयत से छुआ। सिविल लाइंस पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया। छात्रा को मेडिकल के लिए भेजा गया है। घटना बुधवार रात 10.30 बजे क्लाइव रोड इलाके की है।यहां डॉक्टर कार्तिकेय शर्मा (55) का घर है। डॉ. कार्तिकेय घर पर ही क्लिनिक चलाते हैं। देर रात तक मरीज देखते हैं। धूमनगंज की रहने वाली 24 साल की इअ की छात्रा अपने भाई के साथ माइग्रेन के इलाज के लिए पहुंची थी। छात्रा को 74वां नंबर मिला था। भाई का कहना है कि मुझे जरूरी काम था। इसलिए बहन को छोड़कर चला गया था।बाद में लौटा तो हंगामा हो रहा था। बहन के पास पहुंचा तो उसने पूरी बात बताई। फिर घरवालों और पुलिस को सूचना दी। इस बीच हंगामे का एक वीडियो भी सामने आया है।इसमें दिख रहा है कि डॉक्टर अपने घर का गेट बंद कर अंदर खड़े हैं।बाहर खड़े छात्रा के घरवालों से उनकी नोकझोंक हो रही है।वीडियो में छात्रा रोते हुए कह रही है कि आपने मेरे कपड़े क्यों उतारवाए? उधर, डॉक्टर आरोपों से इनकार करते हुए यह कहते नजर आ रहे हैं कि उन्होंने कुछ नहीं किया।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रात 10:30 बजे छात्रा का नंबर आया

छात्रा के पिता की मौत हो चुकी है। उनके परिवार में मां और भाई हैं। भाई प्राइवेट नौकरी करता है। छात्रा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रात करीब 10:30 बजे मेरा नंबर आया। मैं चैंबर में पहुंची तो डॉक्टर ने अन्य मरीजों को यह कहकर बाहर कर दिया कि जांच करनी है।जब मैं केबिन में अकेले रह गई तो चैंबर के दोनों दरवाजे अंदर से बंद कर लिए।

### मेरे कपड़े उतारने लगे, विरोध पर धमकी दी

छात्रा ने बताया- इसके बाद जांच करने की बात कहकर डॉक्टर मेरे ऊपर के कपड़े उतारने लगे। छेड़खानी करने लगे। फिर मुझसे नीचे के कपड़े भी उतारने को कहा।मैं घबरा गई।मैंने कहा कि मुझे जांच नहीं करानी, तो जबरदस्ती करने लगे।मैं रोने लगी तो धमकाया और पीछे हट गए। इसके बाद तब तक दरवाजे नहीं खोले, जब तक कि मैंने अपने कपड़े ठीक नहीं कर लिए।

# हनी ट्रैप, ब्लैकमेलिंग गंभीर मामला, समाज के लिए खतरनाक

## हाईकोर्ट ने कहा-पुरुषों का जीना मुश्किल होगा, पुलिस कड़ा एक्शन ले

**अमन लेखनी समाचार**



प्रयागराज , इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हनी ट्रैप, महिलाओं का इस्तेमाल कर सेक्स स्कैंडल में फंसाने और ब्लैकमेलिंग करने के मामलों पर सख्त रुख अपनाया है। हाईकोर्ट ने ऐसे गिरोहों के खिलाफ कड़ा एक्शन लेने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि यह बेहद गंभीर मामला है, समाज के लिए बहुत खतरनाक है।इसे रोका न गया तो सभ्य समाज में जीना मुश्किल हो जाएगा।इलाहाबाद उच्च न्यायालय सुनवाई करते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस को उन गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है जो महिलाओं का इस्तेमाल करके पुरुषों को हनीट्रैप में फंसाकर उनसे पैसे वसूलते हैं। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और न्यायमूर्ति तरुण सक्सेना की खंडपीठ ने कहा कि ऐसे मामले समाज में व्याप्त गंभीर स्थिति को उजागर करते हैं।

### बेहद गंभीर मामला है

हाईकोर्ट ने उन लोगों, जिनमें कुछ पुलिसकर्मी भी शामिल हैं के खिलाफ हनीट्रैप का आरोप लगाते हुए जबरन वसूली के मामले को रद्द करने की याचिका को खारिज कर दिया।कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में कहा ₹यह एक बेहद गंभीर मामला है। कोर्ट ने कहा मेरठ जोन के पुलिस महानिरीक्षक इस इस मामले की गहन जांच करानी चाहिए। कोर्ट ने कहो कि सभी जिलों के पुलिस प्रमुखों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय ऐसे गिरोहों के प्रति सतर्क रहना चाहिए और कड़ा एक्शन लेना चाहिए।कोर्ट ने कहा कि जिला पुलिस प्रमुखों को सतर्क रहने और कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता है।

# गेहूं के खेत में लगी आग

## दो बीघा खड़ी फसल जलकर राख, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू



**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी , जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बाबूपुर गांव में दोपहर को गेहूं के एक खेत में आग लग गई। अज्ञात कारणों से लगी इस आग में करीब दो बीघा खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। गर्मी का मौसम शुरू होते ही क्षेत्र में आग लगने की घटनाएं बढ़ गई हैं। आज दोपहर जब खेत में आग लगी तो धुआं उठते देख बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की लपटें तेज होने के कारण वे सफल नहीं हो सके।

### किसानों को भारी नुकसान

इसके बाद ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया। इस घटना में किसानों को भारी नुकसान हुआ है। थाना प्रभारी धीरेंद्र यादव ने बताया कि फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है।

# यूपी में स्मार्टमीटर से बिल दोगुने, जनता परेशान

## कांग्रेस नेता ने पीएम को लिखा पत्र, हस्तक्षेप की मांग की

**अमन लेखनी समाचार**



सुल्तानपुर , कांग्रेस के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रहे अधिवक्ता वरुण मिश्रा ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में उपभोक्ताओं पर जबरन स्मार्टमीटर थोपे जाने और उनसे जुड़ी समस्याओं को लेकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के घरों में जबरन स्मार्टमीटर लगाए जा रहे हैं। जबकि पुराने मीटरों को लेकर उपभोक्ताओं की कोई शिकायत या व्यावहारिक समस्या नहीं थी। इसके बावजूद उन्हें हटाकर लगाए जा रहे नए स्मार्टमीटरों में गंभीर खामियां सामने आ रही हैं। अधिवक्ता मिश्रा ने बताया कि इन जबरन लगाए जा रहे स्मार्टमीटरों के कारण उपभोक्ताओं के बिजली बिल दोगुने-तिगुने आ रहे हैं। इसके अलावा, उपभोक्ताओं को बिना किसी पूर्व सूचना के उनके कनेक्शन काट दिए जा रहे हैं और बिल जमा होने के बाद भी कनेक्शन बहाल नहीं किए जा रहे हैं।

### कर्मचारियों की नौकरी पर भी खतरा मंडरा रहा

उन्होंने पत्र में उल्लेख किया है कि एक ओर जहां जनता महंगाई से जूझ रही है, वहीं स्मार्टमीटर लगने के कारण हजारों मीटर रीडर कर्मचारियों की नौकरी पर भी खतरा मंडरा रहा है। यह स्थिति जनता के लिए अतिरिक्त परेशानी का कारण बन रही है। मिश्रा ने आरोप लगाया कि जब जनता इन मीटरों की शिकायत लेकर विभाग जाती है, तो जिम्मेदार अधिकारी/कर्मचारी इसे केंद्र सरकार की योजना बताकर अपनी जवाबदेही से बचते हैं। जानकारी के अभाव में वे समुचित उत्तर भी नहीं देते, जिससे जनता में असंतोष बढ़ रहा है। अधिवक्ता वरुण मिश्रा ने प्रधानमंत्री से विनम्र निवेदन किया है कि इस अव्यवहारिक स्मार्टमीटर योजना को तत्काल प्रभाव से बंद कराया जाए और जनता का शोषण रोका जाए। उन्होंने चुनावी व्यस्तता के बावजूद जनता की इन समस्याओं पर ध्यान देने का आग्रह किया है।

# राष्ट्रीय प्रवक्ता नजरबंद, किसानों का प्रदर्शन

## लंभुआ में प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन प्रभारी तहसीलदार को सौंपा

**अमन लेखनी समाचार**



सुल्तानपुर , लंभुआ तहसील क्षेत्र में भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के कार्यकताओं ने राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत को ओडिशा में नजरबंद किए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक ज्ञापन प्रभारी तहसीलदार प्रांजल त्रिपाठी को सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता बीकेयू के प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश पाण्डेय ने की। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि राकेश टिकैत ओडिशा में आयोजित किसान महापंचायत में शामिल होने से पहले, भुवनेश्वर पुलिस ने उन्हें नजरबंद कर दिया। किसानों ने इस घटना को लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया और इसकी कड़ी निंदा की। बीकेयू प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश पाण्डेय ने कहा कि किसान संगठनों की आवाज दबाने का प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सरकार से ऐसी कार्रवाई से बचने का आग्रह किया। प्रदर्शनकारी किसानों ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोहराई गईं, तो देशभर में व्यापक आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसान अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हैं और किसी भी अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करेंगे। इस अवसर पर बीकेयू के प्रदेश महासचिव आनंद सिंह उर्फ बंटी, जिला उपाध्यक्ष मजीद खान, तहसील अध्यक्ष अरविंद, बृजेश शर्मा, पिंकी, अख्तर सहित बड़ी संख्या में किसान पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। किसानों ने अपनी एकजुटता प्रदर्शित करते हुए सरकार से अपनी मांगों पर जल्द उचित कार्रवाई की अपेक्षा की।

# ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

## भाभी को ट्रेन में बिठाते समय हादसा, लखनऊ दवा लेने जा रहे थे

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी , निहालगढ़ रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ते समय एक 27 वर्षीय युवक की गिरकर मौत हो गई। वह अपने परिवार के साथ लखनऊ दवा लेने जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ। मृतक की पहचान जगदीशपुर कोतवाली के पिछूती कोट गांव निवासी शिवम सिंह के रूप में हुई है। सुबह करीब 5 बजे सुल्तानपुर से मुंबई जाने वाली लोकमान्य तिलक ट्रेन में चढ़ते समय उनका पैर फिसल गया। शिवम प्लेटफॉर्म और ट्रेन के पायदान के बीच जा गिरे। शिवम अपनी भाभी खुशबू और उनके चार वर्षीय जुड़वा बच्चों के साथ लखनऊ जा रहे थे। खुशबू ने बताया कि शिवम तड़के करीब 4 बजे अपनी मौसी शारदा सिंह के घर से इलाज के लिए पैसे लेकर निकले थे। उन्हें बच्चों के लिए दवा लेनी थी। ट्रेन में चढ़ते समय शिवम ने पहले दोनों बच्चों को सुरक्षित ट्रेन में चढ़ा दिया था। इसके बाद वह अपनी भाभी को चढ़ाने का प्रयास कर रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। हादसे के तुरंत बाद रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने शिवम को बाहर निकाला और जगदीशपुर के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टरों ने जांच के बाद शिवम को मृत घोषित कर दिया। शिवम की असामयिक मौत से उनके पिता राम मनोरथ सिंह और माता दुर्गावती का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार में बड़ा भाई सत्यम सिंह सूरत में काम करता है। गांव में शोक की लहर है, खासकर इसलिए क्योंकि उनकी बहन खुशी की गोद भराई का कार्यक्रम तय था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और विधिक कार्रवाई की जा रही है। निहालगढ़ के स्टेशन अधीक्षक लखनलाल मीना ने जानकारी दी कि ट्रेन हादसे के बाद कुछ मिनटों के लिए रुकी थी, जिसके बाद उसे गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया।

# कमरे में लगी आग, 3 गैस सिलेंडर एक-एक कर फटे

## तेज धमाकों से इलाका दहला; 2 सगे भाई झुलसे

**अमन लेखनी समाचार**



अलीगढ़ , एक घर में आग लग गई। कमरे में 5 घरेलू गैस सिलेंडर रखे थे, उनमें से 3 एक-एक कर ब्लास्ट हुए। आग की लपटों में फंसकर 2 भाई बुरी तरह से झुलस गए। हादसा देर रात करीब 2.30 बजे हुआ। धमाके इतने जोरदार थे कि आसपास के घरों में कंपन महसूस हुआ। लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए। करीब डेढ़ किलोमीटर दूर तक आवाज सुनी गई। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम वहां पहुंची। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग में फंसे दोनों भाइयों को जेएन मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। वहां से गंभीर हालत में उन्हें दिल्ली रेफर कर दिया गया है। घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के फिरदौस नगर की है। दोनों भाइयों ने सिलेंडर स्टॉक कर रखा था। बरेली निवासी भाई जिर्रार (48) और शहजाद (45) पुत्र हारुन शहर की नई बस्ती में एक चाय की दुकान पर काम करते हैं। दोनों भाई फिरदौस नगर-बी की गली नंबर-3 के एक मकान की तीसरी मंजिल पर किराए पर रहते हैं। पुलिस ने बताया कि इस समय घरेलू गैस सिलेंडरों की किल्लत चल रही है। दोनों भाइयों ने चाय की दुकान के लिए सिलेंडर स्टॉक कर कमरे में रखे थे। 5 सिलेंडरों में से 3 भरे थे, जबकि 2 खाली थे। रात में दोनों कमरे में आकर सो गए। इस बीच देर रात करीब ढाई बजे अचानक कमरे में आग लग गई। जब तक दोनों कुछ समझ पाते, तब तक सिलेंडर में ब्लास्ट होने लगे। इससे दोनों कमरे में फंस गए और बुरी तरह झुलस गए।

### आशंका है कि गैस लीकेज से आग लगी

सीएफओ मुकेश कुमार ने बताया- प्रथम दृष्टया मामला गैस लीकेज का लग रहा है। कमरे में गैस भरने के कारण बिजली का स्विच दबाने या किसी चिंगारी से विस्फोट हुआ होगा। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि रिहायशी इलाके के 1 कमरे में इतनी बड़ी संख्या में सिलेंडर क्यों रखे गए थे। यह भी देखा जा रहा है कि कहीं अवैध रूप से रिफिलिंग या भंडारण तो नहीं किया जा रहा था।

# जली फसल देख योगी के विधायक बोले-सरकार मुआवजा देगी

## 12 एकड़ गेहूं की फसल में लगी थी आग, विधायक चेतराम ने किसानों को दिया आश्वासन

**अमन लेखनी समाचार**



शाहजहांपुर , बंडा थाना क्षेत्र में करीब 12 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। बुधवार को पुवायां विधानसभा से भाजपा विधायक चेतराम ने अधिकारियों के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया और प्रभावित किसानों से मुलाकात की। उन्होंने किसानों को सरकार द्वारा मुआवजे का आश्वासन दिया।यह घटना मंगलवार दोपहर बंडा थाना क्षेत्र के पड़रिया दलेलपुर गांव में हुई थी। आग लगने से कई किसानों की लगभग 12 एकड़ गेहूं की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। किसानों ने बताया था कि उन्होंने बैंक से कर्ज लेकर और पत्नी के जेवर गिरवी रखकर फसल तैयार की थी। आग लगने की सूचना मिलने पर विधायक चेतराम बुधवार शाम पड़रिया दलेलपुर गांव पहुंचे। उनके साथ पुवायां एसडीएम और संबंधित राजस्व टीम भी मौजूद थी। विधायक ने प्रत्येक प्रभावित किसान से बातचीत की, जिनकी फसल आग की चपेट में आई थी। विधायक ने किसानों से कहा कि उनके खेतों की राख देखकर मन दुखी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों की मेहनत को आग की लपटों में जलने की सूचना पर ही वह अधिकारियों की टीम लेकर गांव पहुंचे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस नुकसान की भरपाई सरकार करेगी और हर संभव मदद के साथ तत्काल मुआवजा दिया जाएगा विधायक की सक्रियता देखकर किसानों में मुआवजे की उम्मीद जगी है। विधायक के सामने ही राजस्व टीम ने पीड़ित किसानों से उनके नुकसान के संबंध में जानकारी एकत्र करना शुरू कर दिया। विधायक ने दोहराया कि वह किसानों के साथ हैं और उन्हें जल्द से जल्द मुआवजा दिलाया जाएगा। बता दें कि मंगलवार को किसानों ने बताया था कि आग लगने के बाद पुलिस और दमकल विभाग को जानकारी दी थी।

# सड़क हदासे में 1 की मौत, 4 गंभीर घायल

## बाघराय के पास दो बाइक की आमने-सामने भीड़त, वाहन क्षतिग्रस्त

**अमन लेखनी समाचार**



प्रतापगढ़ , बाघराय थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में 22 वर्षीय शानू मिश्रा की मौत हो गई, जबकि चार अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान शानू मिश्रा पुत्र सोनू मिश्रा, निवासी सरायनहर (जेठवारा) के रूप में हुई है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और सवार दूर जा गिरे। हादसे में आशीष मिश्रा (पुत्र चन्द्रशेखर मिश्रा), निवासी सरायनहर, जेठवारा, तथा शिवम, विकास और सुभाष निवासी जलालपुर (बाघराय) घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सीएचसी बाघराय पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल प्रतापगढ़ रेफर कर दिया गया। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, हादसा तेज रफ्तार के कारण हुआ।

# पुलिस ने क्यूआर कोड सिस्टम लॉन्च किया

## 40 सेकेंड में ऑनलाइन शिकायत दर्ज होगी, 2 थानों की 14 चौकियों में व्यवस्था

**अमन लेखनी समाचार**



प्रतापगढ़, पुलिस ने डिजिटल क्षेत्र में एक नई पहल करते हुए क्यूआर कोड (कंप्लेंट रजिस्ट्रेशन सिस्टम) का शुभारंभ किया है। इस प्रणाली के तहत अब थानों और चौकियों पर आने वाले फरियादियों को अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए कोतवाल या चौकी इंचार्ज का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। वे केवल 40 सेकंड में अपनी शिकायत ऑनलाइन दर्ज करा सकेंगे। यह नई व्यवस्था फरियादियों को थाने या चौकी में लगे क्यूआर कोड को स्कैन करके अपनी शिकायत सीधे ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज करने की सुविधा देती है। शिकायत दर्ज होने के बाद उन्हें एक पुष्टिकरण संदेश प्राप्त होगा। इसके बाद मामले की जांच की जाएगी और आवश्यकतानुसार कार्रवाई या एफआईआर दर्ज की जाएगी। इससे शिकायतकताओं को बार-बार थाने के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी। दोनों थानों की लगभग 14 चौकियों में क्यूआर कोड लगाए गए हैं, और इन पर शिकायतें भी आनी शुरू हो गई हैं। सीओ सिटी लगातार थानों और चौकियों में बैठकर इस नई व्यवस्था का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं और फरियादियों को इसके इस्तेमाल के बारे में जानकारी दे रहे हैं। क्यूआर कोड कंप्लेंट रजिस्ट्रेशन सिस्टम से फरियादियों को कई फायदे होंगे। इससे उनके समय की भारी बचत होगी, क्योंकि उन्हें घंटों तक अधिकारियों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। यह प्रणाली उन शिकायतों को भी सुनिश्चित करेगी जो पहले थानों या चौकियों पर नहीं सुनी जाती थीं, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और अधिकारियों द्वारा शिकायतों को नजरअंदाज करने की संभावना कम होगी।

## संक्षेप

### डेढ़ लाख का गांजा बरामद

#### हरियाणा से तस्करी कर लाया जा रहा था, एक गिरफ्तार

बागपत , पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से करीब 1 किलो 550 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत डेढ़ लाख रुपये है। यह गांजा हरियाणा से बागपत में तस्करी के लिए लाया जा रहा था। पुलिस अधीक्षक सूरज राय के निर्देश पर अपराधों की रोकथाम और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान यह कार्रवाई की गई। मुखबिर की सूचना पर बिनौली थाना पुलिस ने तस्कर को समय रहते दबोच लिया। गिरफ्तार गांजा तस्कर की पहचान बरनावा निवासी एहसान अब्बास पुत्र खलील अब्बास के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, वह यह अवैध खेप हरियाणा से लेकर आ रहा था। बिनौली थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके अन्य साथियों की तलाश शुरू कर दी गई है। मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है

### बच्चों के विवाद पर दो पक्षों में संघर्ष

#### कई लोग घायल, मारपीट का वीडियो सामने आया

बागपत , जनपद के सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र स्थित तितरोदा गांव में बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस घटना में कई लोग घायल हुए हैं। मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसके आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, गांव में एक बारात आई थी। बारात में आए बच्चों और लड़की पक्ष के बच्चों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। यह विवाद पहले कहासुनी में बदला और फिर दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे से भिड़ गए। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन दोनों पक्ष मारपीट करते रहे। मामले की गहनता से जांच मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने इस घटना का वीडियो बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस के पहुंचने की सूचना पर मामला शांत हुआ। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। सिंघावली अहीर थाना प्रभारी मनोज चहल ने बताया कि वायरल वीडियो और आरोपों के आधार पर मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

### छेड़छाड़-हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

#### 12 साल बाद हुई सजा, 18 हजार का अर्थदंड भी लगाया

बागपत , जनपद के छपरौली थाना क्षेत्र में एक युवती से छेड़छाड़ और उसकी हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अदालत ने दोषी पर 18,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। इस फैसले के साथ पीड़ित परिवार को 12 साल बाद न्याय मिला है। अदालत ने सभी गवाहों की गवाही और प्रस्तुत सबूतों के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया। इसी के बाद उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। यह मामला लंबे समय से न्यायालय में विचाराधीन था। यह घटना 12 साल पुरानी है। उस समय मृतक युवती के पिता ने छपरौली थाने में एक मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने अपनी बेटी के साथ छेड़छाड़ और उसकी हत्या का आरोप लगाया था।

# आग के आगोश में आई फसल जलकर हुई खाक

## क्षेत्र के कई गांवों समेत किशुनपुर मोबाइल जिओ टावर में लगी आग

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। भीषण गर्मी के चलते जगह-जगह सार्ट सर्किट खेतों में खड़ी फसल आदि को नुकसान होना प्रारंभ हो चुका है ताजा मामला जनपद के किशुनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बे में लगे एक जिओ टावर में अचानक आग लग गई यह दृश्य देखकर आसपास के लोगों ने शोर मचाया तथा स्थानीय पुलिस प्रशासन दमकल विभाग आदि को सूचना दी सूचना पाकर पहुंची अग्नि शमन केंद्र की टीम ने कड़ी मसक्कत के बाद घंटों मेहनत करके आग पर काबू पाया वही टावर में हुई क्षति से समस्त कॉलिंग इंटरनेट तथा बैंकिंग के कार्य आदि प्रभावित हुए ठीक इसी प्रकार थाना क्षेत्र के गांव लोधौरा में सार्टसर्किट से किसान राजेंद्र सिंह गणेश प्रसाद मिश्रा आदि की खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई जहां लगभग चार बीघे फसल स्वाहा हो गई ठीक इसी प्रकार थाना क्षेत्र के गांव एकडला में किसान राजेश और मोतीलाल की भी खड़ी फसल हाई टेंशन लाइन की शॉर्ट सर्किट से जलकर खाक हो गई सूचना मिलने पर राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा निरीक्षण करते हुए आख्या प्रस्तुत की वहीं उप जिलाधिकारी अभिनीत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वास्तव में आग लगने से किसानों का नुकसान हुआ है जिसमें किसानों को यथा उचित सहायता प्रदान की जाएगी

# नीम के पांच पेड़ अवैध रूप से किए गए धराशाई मुकदमा दर्ज

अमन लखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर, जनपद के जहानाबाद छात्र थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव द्वारिकापुर जट्ट में अवैध लकड़ी कटान करने वाले के द्वारा पांच हरे नीम के पेड़ इलेक्ट्रॉनिक मशीन द्वारा धराशाई कर दिए गए जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय बन दरोगा विकास मिश्रा ने मौके का निरीक्षण किया जहां हरे पेड़ों के बड़े ठूठ मौजूद मिले जानकारी की जहां ग्रामीणों द्वारा जानकारी दी गई कि हरे नीम के पेड़ द्वारिकापुर जट्ट गांव निवासी रामशंकर तथा रोहित पुत्र रंजीत द्वारा धराशाई किए गए ग्रामीणों ने बताया कि विगत 29 मार्च की रात्रि समय इस अवैध कार्य को अंजाम दिया गया जिसकी सूचना मिलने के आधार पर वन दरोगा शिवम मिश्रा ने नजदीकी थाना जहानाबाद में बिना अनुमति वृक्षों की कटान उत्तर प्रदेश ग्रामीण एवं पर्वतीय क्षेत्रों में वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया स्थानीय पुलिस प्रशासन ने जांच प्रारंभ की तथा मामले में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई

# धूमधाम से निकाल गए अमौली कस्बे में जवारे

## 108 किलोग्राम वजन की सांग बनी कौतूहल

अमन लेखनी समाचार

समरजीत सोनकर



अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे में स्थापित महाकाली जी के दरबार से जवारा यात्रा धूम धाम से निकाली गई स्थानीय कन्याओं एवं महिलाओं ने सिर पर जवारा कलश रखकर शोभायात्रा निकाली वैदिक पूजन के पश्चात गाजे बाजे ढोल नगाड़े के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई यह यात्रा कस्बे के बड़े तालाब के समीप स्थापित मां शीतला देवी मंदिर से प्रारंभ हुई जो संपूर्ण कस्बे में भ्रमण करती हुई वापस तालाब के समीप में विराम हुई निकाली गई शोभा यात्रा में भक्तों ने अपने-अपने मुख में सांग रखकर कला का प्रदर्शन किया जहां 108 किलोग्राम की सॉन्ग शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र रही भव्य शोभा यात्रा अंतर्गत जगह-जगह भक्तों ने शोभायात्रा में सम्मिलित भक्तगणों को स्वल्पाहार जलपान शीतल पेय पदार्थ इत्यादि की व्यवस्था कर पुन्य प्राप्त किया वही इस वार्षिक महा महोत्सव में समस्त ग्रामीण श्रद्धालुओं महिलाओं समेत नवयुवक बुजर्गों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

# सिलेंडर मिलने पर खुद को जला लूंगा

## भांजे की तबीयत बिगड़ी तो मामा ने धमकी दी, सुबह से गैस एजेंसी पर कर रहे थे इंतजार

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,सरधना कस्बे के कालंद चुंगी चौराहे पर स्थित भारत गैस एजेंसी के बंद रहने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह से ही एजेंसी के बाहर लोगों की लंबी कतार लग गई, लेकिन दोपहर तक भी एजेंसी नहीं खुली। घंटों इंतजार के बाद भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। इसी दौरान सरधना-बिनौली रोड निवासी आयुष अपने मामा अंकित शर्मा के साथ सुबह से लाइन में खड़ा था। लंबे समय तक धूप और भीड़ में खड़े रहने के कारण आयुष अचानक बेहोश हो गया। घटना से मौके पर अफरातफरी मच गई और परिजनों ने उसे संभाला। घटना के बाद आक्रोशित अंकित शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि जिस दिन सिलेंडर मिलेगा, उसी दिन वह सिलेंडर लीक कर खुद को आग लगा लेंगे। वहीं अन्य उपभोक्ताओं ने बताया कि गैस बुक



कराने के बावजूद पिछले तीन दिनों से सिलेंडर नहीं मिल रहा है। रोज सुबह से दोपहर तक एजेंसी के बाहर इंतजार करना पड़ रहा है, लेकिन हर बार निराश होकर लौटना पड़ता है। उपभोक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि एजेंसी के बाहर लिखे नंबरों पर लगातार फोन किया जा रहा है, लेकिन कोई कॉल रिसीव नहीं हो रही। इस संबंध में एजेंसी के मैनेजर सचिन कुमार से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन नंबर नहीं लगा और मैसेज का भी कोई जवाब नहीं मिला। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से जल्द समस्या के समाधान की मांग की है। एसडीएम सरधना उदित नारायण सेंगर ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि एजेंसी संचालक से जवाब तलब किया जाएगा और उपभोक्ताओं को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

# जाट शब्द हटाने पर हंगामा

## आयोजक और प्रशासन आमने-सामने, पुलिस बोली- आयोजकों ने खुद फैसला लिया

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , सकौती स्थित हितकारी किसान इंटर कॉलेज में महाराजा सूरजमल की प्रतिमा के अनावरण के बाद जाट शब्द हटाने को लेकर विवाद शुरू हो गया। शुरू हुआ यह मामला उस समय और बढ़ गया, जब मेरठ पुलिस ने सोशल मीडिया पर आधिकारिक बयान जारी किया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि प्रतिमा स्थल से जातिसूचक शब्द हटाने की कार्रवाई आयोजकों ने अपनी मर्जी से की है। पुलिस के अनुसार, यह कदम 16 सितंबर 2025 को इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में उठाया गया है। पुलिस का कहना है- इस मामले के वीडियो साक्ष्य भी मौजूद हैं। महापुरुष पूरे देश के प्रेरणास्त्रोत होते हैं, इसलिए उन्हें किसी एक जाति तक सीमित करना सही नहीं है वहीं, अंतरराष्ट्रीय जाट संसद ने पुलिस-प्रशासन पर जाट शब्द जबरन हटवाने का आरोप लगाया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनू चौधरी ने चेतावनी दी है कि अगर 15 दिनों में जाट शब्द दोबारा नहीं लगाया गया, तो देशभर में आंदोलन होगा। रविवार को प्रतिमा अनावरण के दौरान जैसे ही जाट शब्द हटाने की जानकारी मिली, जाट समाज के लोगों में नाराजगी फैल गई। बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे और धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। उन्होंने इसे समाज की भावनाओं से जुड़ा मुद्दा बताया और शब्द दोबारा लिखने की मांग की। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने लोगों को समझाया। काफी बातचीत के बाद प्रशासन ने आश्वासन दिया कि 15 दिन के अंदर प्रक्रिया पूरी कर जाट शब्द फिर से लगाया जाएगा। इसके बाद प्रदर्शन खत्म कर दिया गया।

### महाराजा सूरजमल की पहचान जाट शब्द से जुड़ी है

इस मामले में राजनीति भी शुरू हो गई है। पूर्व सांसद हरपाल पंवार ने कहा- कार्यक्रम के दौरान की गई राजनीतिक बातें ठीक नहीं थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि जाट शब्द हटाने से समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। समाज के लोगों का कहना है कि महाराजा सूरजमल की पहचान जाट शब्द से जुड़ी है

# पति-पत्नी से लूट करने वाला बदमाश गिरफ्तार

## दरोगा भर्ती ड्यूटी से लौट रही थी शिक्षिका, बादमाश ने रोककर की थी लूटपाट

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , रेलवे रोड थाना क्षेत्र में दंपति से लूटपाट करने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दूसरा साथी अभी फरार बताया जा रहा है। पुलिस ने बदमाश के पास से ढाई लाख रुपए बरामद किए हैं। कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के फाजलपुर रोहटा रोड के रहने वाले विजय कुमार 15 मार्च को पत्नी सरिता को लेकर ब्रह्मपुरी से वापस घर लौट रहे थे। सरिता पेशे से शिक्षक हैं और उनकी दरोगा भर्ती परीक्षा में ड्यूटी लगी थी दोनों जैसे ही रेलवे रोड इलाके में जैन नगर के निकट पहुंचे, तभी दो बदमाशों ने हथियार दिखाकर उनसे अंगूठी, चेन व अन्य कीमती सामान लूटा और फरार हो गए पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले लूट की यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने शहर के भीतर से लेकर हाईवे तक सीसीटीवी खंगाले और बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। शुरूआती छानबीन में सामने आया था कि बदमाश वारदात करने के बाद शहर से बाहर की तरफ भागे हैं। इसलिए दिल्ली रोड के कैमरे भी खंगाले गए। सोमवार को पुलिस को सूचना मिली कि लूट की वारदात में शामिल एक बदमाश सिटी रेलवे स्टेशन के निकट मौजूद है और किसी का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोचने का प्रयास किया तो वह भागने लगा। इसी दौरान बाइक फिसल गई और बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर मिनी ट्रक पलटा

## टायर फटने से हुआ हादसा, सड़क पर लगा जाम, पुलिस ने आवागमन शुरू कराया

अमन लेखनी समाचार



मोदीनगर ,दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर देर रात एक मिनी ट्रक टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गया। यह हादसा गांव पलौता के पास हुआ, जिससे एक्सप्रेसवे पर लंबा जाम लग गया। कपड़ों से भरा यह मिनी ट्रक मेरठ से दिल्ली की ओर जा रहा था। मेरठ निवासी जुबैद इसे चला रहा था, जबकि वसीम परिचालक था। सोमवार शाम करीब सात बजे जब वे पलौता गांव के पास पहुंचे, तो अचानक ट्रक का अगला पहिया फट गया। पहिया फटने के कारण मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर यातायात बाधित हो गया और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। एक्सप्रेसवे की पेट्रोलिंग टीम के चमन प्रजापति अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और वाहन को सड़क से हटाकर यातायात सुचारु कराया। इसी बीच, मोदीनगर-हापुड़ मार्ग पर भी एक अन्य हादसा हुआ। गांव नाहली के पास गेहूं से भरा एक ट्रक पलट गया, जिससे इस मार्ग पर भी जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को हटवाया और यातायात बहाल किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि मोदीनगर-हापुड़ मार्ग के चौड़ीकरण के चलते सड़क किनारे गड्ढे खोद दिए गए हैं। इन गड्ढों के कारण आए दिन ऐसे हादसे हो रहे हैं।

# कु -कॉइन एप से ठगने वाला हिमाचल से गिरफ्तार

## ट्रेडिंग के नाम पर की थी 1.31 करोड़ की ठगी, बॉस बनना चाहता था आरोपी

अमन लेखनी समाचार



सहारनपुर , ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर 1.31 करोड़ रुपए की साइबर ठगी करने वाले शातिर जालसाज को साइबर क्राइम पुलिस ने हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से मोबाइल फोन, डेबिट कार्ड, चेकबुक, नकदी समेत 11 तरह के सामान बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उसे कोर्ट में पेश किया है। एसपी सिटी व्योम बिंदल ने बताया कि बेहट रोड स्थित मंगलम एंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर अंशुल गुप्ता ने 16 फरवरी 2026 को साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि (ऐप) (ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म) के नाम पर उनसे ऑनलाइन संपर्क किया गया और अधिक मुनाफे का लालच देकर उनसे कुल 1,31,25,200 रुपए निवेश करवा लिए गए। पीड़ित के मुताबिक, जब उन्होंने अपना पैसा वापस निकालने की कोशिश की तो रकम रिफंड नहीं हुई, जिसके बाद उन्हें ठगी का एहसास हुआ। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान संदिग्ध मोबाइल नंबर की ट्रेसिंग की गई, जिसमें लोकेशन हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में मिली। इसके बाद पुलिस टीम तुरंत वहां रवाना हुई और लोकेशन के आधार पर एक होटल में दबिश देकर आरोपी भूपेंद्र सिंह (43) निवासी झेलवाला, जिला जयपुर (राजस्थान) को 1 अप्रैल 2026 को शाम करीब 4:42 बजे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी राइजिंग स्टार आइडिया कॉरपोरेशन नाम की कंपनी से जुड़ा है। इसी कंपनी के बैंक खाते में पीड़ित से ट्रेडिंग के नाम पर करीब 12 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए थे। आरोपी अलग-अलग लोगों को ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के जरिए निवेश के लिए फंसाता था और फिर रकम हड़प लेता था। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से 25,650 रुपए नकद, विदेशी मुद्रा, एक रेडमी नोटपैड, दो स्मार्टफोन, 13 चेकबुक, 22 डेबिट कार्ड, एक भरा हुआ चेक, ब्लैंक चेक, पैन कार्ड, वोटर आईडी, चार फ्लाइट टिकट और दो कंपनियों की मुहरें बरामद की। पुलिस के अनुसार, बरामदगी के आधार पर मुकदमे में बढ़ोतरी भी की गई है। अधिकारियों का कहना है कि मामले में अन्य आरोपियों और नेटवर्क की भी जांच की जा रही है।

# शुरू किया गया वाटर एटीएम

## 1200 लीटर प्रतिघंटा है क्षमता, 20 लीटर और 1 लीटर के मिलेंगे कार्ड

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , लोगों को शुद्ध जन पिलाने के लिए हरौला सेक्टर-4/5 में वाटर एटीएम शुरू किया गया । इसका उद्घाटन सांसद डॉक्टर महेश शर्मा और विधायक पंकज सिंह ने किया। इस वाटर एटीएम का निर्माण एचडीएफसी बैंक की ओर से सीएसआर फंड के जरिए कराया गया। इस मौके पर प्राधिकरण के जीएम जल आरपी सिंह मौजूद रहे। इस वाटर एटीएम से लोगों को निशुल्क जल दिया जाएगा। जल विभाग द्वारा वाटर एटीएम रोजाना सुबह 7 बजे से 12 बजे तक और शाम को पांच से आठ बजे तक खुलेगा। अब तक शहर में नौ स्थानों पर वाटर एटीएम लगाया गया है। जहां लगातार लोगों को साफ जल उपलब्ध कराया जा रहा है। इस वाटर एटीएम की क्षमता 1200 लीटर प्रति घंटा है। गुणवत्ता के लिए लगाए गए फिल्टरजीएम आरपी सिंह ने बताया कि इस वाटर एटीएम में अल्ट्रा वायलट सिस्टम (यूवी), ओजोनेटर, सेंड फिल्टर, कार्बन फिल्टर के अलावा 5-10 माइक्रो फिल्टर और पेबल फिल्टर के जरिए पानी की गुणवत्ता को बेहतर बनाया गया है। इसके अलावा वाटर एटीएम में हार्डनेस , फ्लूराइड, क्लोराइड व अन्य अशुद्धियों को दूर करने के लिए रिजर्व ओसमोसिस की व्यवस्था की गई है।

# पकड़ा फर्जी टेलिफोन एक्सचेंज

## रिमोट से किया जा रहा था आपरेट, राजस्व को नुकसान, तीन के खिलाफ एफआईआर

अमन लेखनी समाचार



नोएडा,एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने फेज-2 थाना क्षेत्र में चल रहे अवैध टेलीफोन एक्सचेंज को पकड़ा है। एटीएस टीम के प्रभारी ने इस मामले में फेज-2 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने सर्वर और इंटरनेट कनेक्शन का इस्तेमाल कर अवैध गतिविधियां चलाने वाले आरोपियों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। एटीएस टीम के उपनिरीक्षक राजेश यादव की ओर से दी गई शिकायत में बताया गया है कि एनएसईजेड क्षेत्र स्थित एक कंपनी डाटा सेंटर और क्लाउड सर्विस उपलब्ध कराती है। इसी कंपनी के माध्यम से सर्वर और इंटरनेट कनेक्शन लेकर अवैध टेलीफोन एक्सचेंज संचालित किया जा रहा था। जांच में सामने आया कि 14 नवंबर 2025 को कंपनी के सेल्स कर्मचारी विजेंद्र कुमार चंचल को एक्सलो टेक्नोलॉजी ओपीसी प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी की ओर से सर्वर और कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए ई-मेल भेजा गया था।नजीबुल्हा नाम के व्यक्ति से 21 और 22 नवंबर को बातचीत हुई और उसने सर्वर के लिए परचेज ऑर्डर भेजा। ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 18 फरवरी 2026 को 50 हजार रुपये का भुगतान किया गया। भुगतान मिलने के बाद कंपनी की आईटी टीम ने संबंधित सर्वर को एक्टिव कर दिया और उसे क्लाइंट को सौंप दिया। यहीं से इस पूरे नेटवर्क की शुरूआत हुई। शुरूआत में चालू करवाए 16 कनेक्शनजांच में पता चला कि 23 फरवरी को नजीबुल्हा ने जियो डिजिटल के जरिए 500 चैनल वाला स्टेटिक आईपी कनेक्शन लिया। इसके बाद सर्वर के साथ कई तकनीकी सेटअप किए गए। शुरूआत में 16 कनेक्शन चालू किए गए थे। आईटी टीम ने सर्वर पर रिमोट एक्सेस, डाटा इन-आउट और इंटरनेट सुविधा के साथ जियो कनेक्शन की तीन केबल भी जोड़ दी थीं।

# डेटिंग एप के जरिए ठगी करने वाले तीन युवक गिरफ्तार

## नोएडा में लोगों से दोस्ती कर मिलने बुलाते, ब्लैकमेल कर पैसे लेते

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , थाना सेक्टर-113 पुलिस ने ग्रांइडर डेटिंग ऐप के जरिए धोखाधड़ी कर लूट करने वाले गैंग के तीन लोगों को पकड़ा है। इनके नाम शिवम झा, सागर ठाकुर और कमल हुई है। ये तीनों नोएडा के होशियारपुर में रहते है। इनके पास से 30 हजार रुपए नकद, 04 मोबाइल फोन, एक कार दो नंबर प्लेट बरामद की गई। शिवम इस गैंग का मास्टर माइंड है। एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि ये तीनों गैंग बनाकर ऑनलाइन डेटिंग ऐप (ग्रांइडर गे डेटिंग ऐप) के जरिए लोगों से दोस्ती करते है। इसके बाद उनसे संपर्क बनाकर तय किए गए स्थान पर बुलाते है। वहां उसने लूटपाट करते है डरा धमका और ब्लैक मेल करके उनके खातों में जमा रुपए लेते है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की जरिए इन तीनों को गिरफ्तार किया है ये छह महीने से इस तरह की गतिविधि में लिप्त है।

# घोरावल पुलिस द्वारा प्रॉपर्टी डीलर के हत्याकांड में 03 अभियुक्त गिरफ्तार

**घटना में प्रयुक्त मोबाइल व नगदी भी हुई बरामद।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल राहुल पाण्डेय के नेतृत्व में थाना घोरावल पुलिस द्वारा हत्या के एक सनसनीखेज प्रकरण का सफल अनावरण करते हुए 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। दिनांक 27/03/26 को वादी घासी मौर्या पुत स्व0 कालिका मौर्या निवासी लोकुआ थाना धानापुर जनपद चंदौली के तहरीर पर थाना घोरावल पर पंजीकृत मु0अ0सं0 63/2026 धारा 103(1), 238 बीएनएस से संबंधित प्रकरण में वादी के भाई मृतक कुंवर मौर्य की दिनांक 22/03/26 को रात्रि में हत्या कर शव को सिरसी डैम थाना संतनगर (मिजार्पुर) में फेंक दिया गया था। उक्त घटना के संबंध में पूर्व में शव बरामद कर विधिक कार्यवाही की जा चुकी है। दिनांक 01.04.2026 को विवेचक प्र0नि0 घोरावल द्वारा मय हमराह पुलिस टीम के साथ अभियुक्तों की तलाश में रवाना होकर घोरावल तिराहा पर मौजूद थे, तभी मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मुकदमे से संबंधित अभियुक्तगण खुटहा बाईपास तिराहा पर किसी वाहन का इंतजार कर रहे हैं। प्राप्त सूचना पर विश्वास करते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्परता से घेराबंदी कर मौके पर पहुंचकर हिकमत अमली से 02 पुरुष व 01 महिला को पकड़ लिया गया।

# अभिनव विद्यापीठ राजेंद्र नगर गोरखनाथ गोरखपुर में हुआ रिपोर्ट कार्ड का वितरण



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर अभिनव विद्यापीठ नर्सरी से कक्षा 8 तक के भैया एवं बहनों का रिपोर्ट कार्ड का वितरण किया गया जिसमें से नर्सरी से 8 तक के भैया/बहनों को प्राथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वालों को प्रधानाचार्य श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव के कर कमलों द्वारा मोमेंटम, प्रशस्ती प्रमाण पत्र एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया इसी क्रम में प्रधानाचार्य जी ने कहा की जो भैया, बहन को यह अवसर नहीं प्राप्त हुआ वो लोग आगामी कक्षाओं में नियमित रूप से पढ़ाई कर यह सम्मान हासिल कर सकते हैं और अपने माता पिता का नाम रौशन कर सकते है तथा विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अजय वर्मा, अवधेश कुमार पांडेय, अजय शर्मा, नवेंदु शुक्ल, सीमा पांडे, अर्चना, अंकिता चतुवेर्दी, अंजलि, साक्षी, सान्या, दीक्षा, अक्षिता, राधिका, विमला, आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने बच्चों को बधाई दी

# सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध : डॉ. प्रवीण सिंह जादौन

अमन लेखनी समाचार



उरई (जालौन)। मिनौरा सहकारी संघ लि. उरई द्वारा कालपी रोड स्थित नवीन मंडी परिसर में राजकीय गेहूं क्रय केंद्र का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के निदेशक डॉ. प्रवीण सिंह जादौन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चन कर इलेक्ट्रॉनिक कांटे का शुभारंभ किया और केंद्र के संचालन की औपचारिक शुरूआत की। इस क्रय केंद्र के प्रारंभ होने से वर्ष 2026-27 के रबी विपणन सत्र के अंतर्गत किसानों को अपनी उपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचने में सुविधा प्राप्त होगी। कार्यक्रम के दौरान डॉ. जादौन ने प्रथम किसान प्रकाश सिंह को माल्यार्पण कर एवं मिष्ठान खिलाकर गेहूं खरीद प्रक्रिया का शुभारंभ कराया। यह प्रतीकात्मक पहल किसानों के सम्मान और उनके योगदान को रेखांकित करने के उद्देश्य से की गई। मिनौरा सहकारी संघ लि. के अध्यक्ष श्याम करण प्रजापति ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया तथा केंद्र की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। अपने संबोधन में डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं सहकारिता मंत्री जे.पी.एस. राठौर के निर्देशन में यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि जनपद जालौन में अब तक कुल 49 गेहूं क्रय केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे किसानों को नजदीक में ही अपनी फसल बेचने की सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 160 रुपये प्रति कुंतल अधिक है। यह वृद्धि किसानों की आय में सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन क्रय केंद्रों का लाभ उठाएं और अपनी उपज को सरकारी दर पर बेचकर आर्थिक लाभ प्राप्त करें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कालपी सहकारी संघ के निदेशक रविंद्र सिंह परमार, आदर्श प्रजापति समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश प्रजापति, दयाराम प्रजापति, ओमकार सिंह, सचिव अमित चतुवेर्दी, केंद्र प्रभारी गौरव द्विवेदी, आकाश, चरण सिंह, महेश कुमार सहित अन्य कृषकजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

खास समाचार

## धूमधाम से मनाया गया हनुमान जी का जन्म उत्सव

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज, हरदोई। कस्बे में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव को बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। नगर के आलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी घरों व मंदिरो पर भक्तो ने हनुमान चालीसा का पाठकर विधि विधान से पूजन किया। तिकुनिया पार्क स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, बड़े मंदिर और बाला जी मंदिर, पानी की टंकी के निकट सर्वेशवरा नन्द आध्यात्मिक केंद्र में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने हनुमानजी के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मंदिरों में सुंदरकांड पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भक्तजन भक्ति रस में डूबकर हनुमान चालीसा का पाठ करते नजर आए। चौराहे पर सिंह द्वार के पास हनुमान भक्तों द्वारा राहगीरों को बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। जिसे लोगों ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया। वहीं रुद्रामऊ तिराहे पर माँ प्रभावती बिल्डिंग मटेरियल पर अशोक कुमार सिंह उर्फ मुत्तू, शुभम सिंह, मुकेश कुमार सिंह, हरिचन्द्र, पप्पू तिवारी ने बूंदी का प्रसाद राहगीरों को वितरित किया। कार्यक्रम में मनीष अग्निहोत्री, राकेश सिंह, रविंद्र गुप्ता, मनु गुप्ता, भोला गुप्ता, मनोज गुप्ता सहित अनेक हनुमान भक्त उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाया। पूरे क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर उत्साह और आस्था का विशेष माहौल देखने को मिला।

## जिलाधिकारी के निर्देशन में तहसीलों में 'महिला हेल्प डेस्क' स्थापित, समस्याओं का होगा त्वरित समाधान

अमन लेखनी समाचार

हरदोईह्ल जिलाधिकारी के मार्गदर्शन एवं निर्देशों के अनुपालन में जनपद की सभी तहसीलों में महिलाओं की सुरक्षा और सहायता हेतु 'मिशन शक्ति फेज-5' के अंतर्गत महिला हेल्प डेस्क की स्थापना सुनिश्चित की गई है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के स्पष्ट निर्देश हैं कि शासन की इस प्राथमिकता वाले अभियान का लाभ हर पात्र महिला तक पहुँचना चाहिए। इसी क्रम में जनपद की समस्त तहसीलों में सक्रिय की गई हेल्प डेस्क के माध्यम से महिला फरियादियों की शिकायतों को न केवल सुना जाएगा, बल्कि उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण भी किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में प्रशासन का यह प्रयास है कि महिलाओं को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक भाग-दौड़ न करनी पड़े। तहसील स्तर पर स्थापित इन डेस्कों पर तैनात कर्मचारी महिला शिकायतों का विवरण दर्ज करेंगे और संबंधित अधिकारियों के माध्यम से उनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएंगे।

## संचारी रोगों से बचाव को गांवों में चला स्वच्छता अभियान, एंटी लार्वा का छिड़काव

अमन लेखनी समाचार

हलिया, मीरजापुर। संचारी रोगों की रोकथाम के लिए शासन के निर्देश पर विकास खंड हलिया क्षेत्र में बुधवार को ग्राम पंचायत हलिया व अहुंगी कला में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गांवों में स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ ही ग्रामीणों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया गया। ग्राम पंचायत हलिया में ग्राम विकास अधिकारी कौशलेंद्र राय की मौजूदगी में सफाई अभियान संचालित किया गया। वहीं अहुंगी कला गांव में ग्राम पंचायत सचिव चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव की देखरेख में सफाई कार्य कराया गया। अधिकारियों ने सफाई कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए नियमित रूप से साफ-सफाई बनाए रखने पर जोर दिया। अभियान के दौरान ग्राम प्रधान शिव बाबू सेठ ने हलिया कस्बा स्थित हनुमान मंदिर के पास नालियों की सफाई कराई और उनमें जमी गंदगी को बाहर निकलवाया।

# श्री हनुमान प्राकट्य उत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा, जगह-जगह हुए भंडारे

अमन लेखनी समाचार



गुरसरांय, झाँसी। नगर एवं ग्रामीण अंचलो में श्री हनुमान जी के प्राकट्य उत्सव पूरी धार्मिक आस्था एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जगह जगह मंदिरों पर पूजा-अर्चना के अलावा सामूहिक श्रीसुंदरकांड पाठ, श्री रामचरितमानस पाठ, बजरंग बाण व हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। श्री खेरापति हनुमान जी मंदिर पर श्रीसुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। विशाल भंडारा दोपहर 2 बजे से ही शुरू हो गया था और देर रात्रि तक वितरण चल रहा था। इस अवसर पर सुरजीत घोष, सज्जन सिंह, देवेंद्र घोष, अजीत सिंह, विश्वजीत सिंह, संजीत सिंह, अबधेश किशोर, श्याम अग्रवाल, युवराज सिंह यादव, राजा भैया, अभिजीत सिंह, अभय राज, संजू माते, मोहित घोष, जे.जे.मिश्रा, धर्मेंद्र अग्रवाल, ऋतुराज, रवि माते सहित अन्य लोग मौजूद रहे। नगर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भाग लेने वाले श्रद्धालु भजन कीर्तन करते हुए श्री हनुमान जी के जयघोष लगा रहे थे। शोभायात्रा श्री कल्याण बाल विद्या मंदिर से प्रारंभ होकर बाजार, पुराने बस स्टैंड, मोदी चौराहा, कटरा बाजार होते हुए पुनः बाल विद्या मंदिर पर विराम हुई। शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र भगवान श्री हनुमान जी का स्वरूप रहा। विधिवत पूजन अर्चन पुजारी अनिल पप्पू पंडा ने कराया। अंत में कार्यक्रम संयोजक प्रसिद्ध नारायण सिंह यादव ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मेजर अखिलेश पिपरैया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देवेश पालीवाल, व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतीश चौरसिया, रामनारायण पस्तोर, चंद्रप्रकाश चौरासिया, गिरेंद्र खंगार, भगवत नगरिया, प्रदीप कोठारी, विनोद यादव, विनोद स्वामी, अशोक पाल घनश्याम सेन, राजेंद्र बिलैया, नितेश अग्रवाल, आदि लोग उपस्थित रहे। वही नगर के बस स्टैंड स्थित व्यास जी के हनुमान जी मंदिर पर पं बृजकिशोर व्यास के द्वारा अभिषेक एवं पूजन कराया गया। थाना गुरसरांय प्राचीन हनुमान जी मन्दिर पर, नई बस्ती के बड़े हनुमान जी मंदिर, बाजार के हनुमान जी मंदिर पर हनुमान जी को विशाल भोग लगाया गया।

# थाने के साए में हत्या, खाकी पर सवालों की बौछार

**अधेड़ की पीट-पीटकर हत्या, बचाने पहुंची पत्नी अधमरी, पुत्र ने थाने में भागकर बचाई जान**

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद। थाना पचदेवरा से चंद कदम की दूरी पर हुई एक सनसनीखेज वारदात ने पुलिस व्यवस्था परएक बार फिर अत्यंत गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुराने जमीनी विवाद में दबंगों ने 58 वर्षीय राधेश्याम को लाठी-डंडों से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। पति को बचाने दौड़ी पत्नी को भी हमलावरों ने बेरहमी से पीटकर अधमरा कर दिया। हत्यारोपियों की क्रूरता और पुलिस की धूर्तता मृतक के पुत्र विनोद कुमार एवं अन्य ग्रामीणों के बताएनुसार कुछ इस तरह सामने आई कि पुलिस के उकसावे में आकर उसके विपक्षीगणों ने उसके पिता को जान से मार डालने के बाद भी उसकी माँ को पीटा, यह देखकर उसने थाने में भागकर अपनी जान बचाई और एसओ साहब से गुहार लगाई आखिर उसके बाद बांकी पुलिस मौके पर पहुँची जबकि काफी पुलिस पहले से तमाशबीन बनी रही। घटना को लेकर मृतक के पुत्र विनोद कुमार ने पुलिस पर सीधे-सीधे लापरवाही ही नहीं, बल्कि मिलीभगत तक के आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि उसने पहले भी दो बार थाना प्रभारी को लिखित शिकायत दी थी और 112 पर भी कार्यवाही की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अगर समय रहते पुलिस कदम उठाती तो आज उसके पिता जिंदा होते और उनकी हत्या कदापि नहीं हो पाती। आरोप और भी गंभीर हैं। परिजनों ने थाने के एक सिपाही पर विपक्षियों को उकसाने और कार्रवाई न करने का दो टूक आरोप लगाया है जबकि पुत्र ने कहा कि सिपाही ने उसके पिता को मरवाया है। घटना से जुड़े कुछ वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल बताए जा रहे हैं, जिनमें कुछ सामने भी आए हैं, जिनमें पुलिस की भूमिका को लेकर सीधे सीधे थाना प्रभारी पचदेवरा के सामने सवाल उठे हैं। सबसे चौंकाने वाला आरोप क्षेत्रीय अधिकारी आलोक राज नारायण पर है जिसका भी वीडियो वायरल हो चुका है जिसमें वादी पक्ष का स्पष्ट कहना है कि घटना के दौरान सीओ साहब को तीन बार फोन किया गया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। अगर यह सच है तो यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि व्यवस्था की संवेदनहीनता का बड़ा उदाहरण माना जाएगा। पहले भी इन पर मनमानी, तानाशाही, धन उगाही, लापरवाही के तमाम आरोप सामने आ चुके हैं लेकिन जनपद के कप्तान इनकी जाँच कराने और इनके विरुद्ध कार्यवाही करने से तो दूर बल्कि इन्हें यहाँ से हटाने तक से शायद डरते हैं या समर्थन करते रहते हैं क्योंकि यह भी डायरेक्ट आईपीएस अफसर हैं और सीओ शाहाबाद के पद पर रहते हुए एक पदोन्नति पाकर अपर पुलिस अधीक्षक बन चुके हैं परन्तु शाहाबाद सीओ सर्किल छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं जबकि सीओ पेशी के पीछे कांशीराम कालोनी मादक पदार्थो की तस्करी बिक्री के अतिरिक्त इनके अपने कार्यालय कर्मचारियों पर हर काम में सुविधाशुल्क मांगने और वसूलने के आरोपों की चर्चा आम है।

गौरतलब है कि घटना स्थल थाने से बेहद करीब बताया जा रहा है, और यह भी बताया जा रहा है कि थाने से घटना स्थल दिखाई देता है और पुलिस घटना देख भी रही थी। इसके बावजूद हमलावर खुलेआम वारदात को अंजाम देते रहे और पीड़ित परिवार मदद के लिए भटकता रहा। आखिर सवाल उठता है कि जब थाने के आसपास ही सुरक्षा नहीं है, तो आम जनता खुद को कहां सुरक्षित महसूस करे फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। लेकिन इस घटना ने कई ऐसे सवाल खड़े कर दिए हैं, जिनके जवाब मिलना बेहद जरूरी है- कि क्या शिकायतों को नजरअंदाज करना एक जान पर भारी पड़ा क्या खाकी पर लगे मिलीभगत के दाग की निष्पक्ष जांच होगी और सबसे बड़ा सवाल-क्या इस मामले में जिम्मेदारी तय होगी या फिर यह भी एक और फाइल बनकर रह जाएगा

# चोपन पुलिस द्वारा साइबर ठगी के शिकार पीड़ित को 1,22,631/- की पूरी धनराशि कराई गई वापस

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र। अवगत कराना है कि वादी संत कुमार पुत्र ईश्वर प्रसाद निवासी ग्राम जमुअल, थाना जुगैल, जनपद सोनभद्र के साथ अज्ञात साइबर अपराधियों द्वारा छलपूर्वक 1,22,631/- (एक लाख बाइस हजार छह सौ इकतीस रुपये) की साइबर ठगी की घटना कारित की गई थी। उक्त प्रकरण में वादी द्वारा तत्काल शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक थाना चोपन के कुशल नेतृत्व में थाना चोपन पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की गई। साइबर हेल्प डेस्क टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण करते हुए संबंधित बैंक/वित्तीय संस्थानों से तत्काल ई-मेल के माध्यम से पत्राचार किया गया, जिसके परिणामस्वरूप पीड़ित की ठगी गई संपूर्ण धनराशि 1,22,631/- (एक लाख बाइस हजार छह सौ इकतीस रुपये) सफलतापूर्वक उसके मूल बैंक खाते में वापस कराई गई।

# स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, विधायक नगर, मड़िहान, मझवां, छानबे एवं जिलाधिकारी ने माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारम्भ

अमन लेखनी समाचार

मीरजापुर अप्रैल 2026 से 15 अप्रैल 2026 तक चलने प्रथम चरण स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट सभागार में एक भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मा0 उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सोहनलाल श्रीमाली, मा0 विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, मा0 विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, मा0 विधायक मझवां शुचिस्मिता मौर्या, मा0 विधायक छानबे रिंकी कोल एवं जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने प्रज्जवलित कर व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मा0 उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, मा0 विधायकगण एवं जिलाधिकारी के द्वारा विगत सत्र में सर्वाधित नामांकन करने वाले 10 स्कूल व निपुण हुए 375 स्कूलो में से 100 स्कूलो के प्रधान अध्यापको को सम्मानित किया गया। तत्पश्चात उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, मा0 विधायकगण ने स्कूल चलो अभियान के तहत कलेक्ट्रेट से कम्पोजिट विद्यालय पंडित मदन मोहन मालवीय फतहा व प्राथमिक पाठशाला बृज किशोर नगर पालिका परिषद मीरजापुर के छात्रो के द्वारा निकाली गई रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया जिसका समापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचने पर किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सोहनलाल श्रीमाली ने कहा कि जब स्कूल खुलता है तो बच्चों के मन में एक उमंग व उत्साह आता है कि अब हम स्कूल जाने वाले हैं वह अपने पठान-पाठन की सामग्री तैयार करते हैं और इसी प्रकार का उत्साह शिक्षक गणों के अंदर भी रहता है कि यह सत्र हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिक्षकगण की यही मंशा होती है कि उनके छात्र उनसे भी अधिक प्रतिभावान बने। उन्होंने कहा कि एक दौर वह भी था जब हमारे पास संसाधन नहीं थे फिर भी हमारी शिक्षकगण अपनी कड़ी लग्न एवं मेहनत से अपने छात्रों को शिक्षा देते हुए उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि उसी को ध्यान में रखते हुए आज के हमारे शिक्षकों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है ताकि वे हमारे बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर देश के भविष्य में अपना बहुमूल्य बहुमूल्य योगदान देने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सके। उन्होंने कहा कि अपनी शिक्षा को निरंतर ऐसे ही आगे बढ़ाते रहें और अनंत ऊंचाइयों तक लेकर जाएं। मा0 विधायक नगर रत्नाकर मिश्र कहा कि स्कूल चलो अभियान अभियान के माध्यम से हमारे मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंसा है कि हमारे बच्चे स्कूल जाएं और वह अच्छी शिक्षा प्राप्त करें और देश व प्रदेश का नाम विश्व पटल पर रोशन करें। मा0 विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल ने कहा कि बदलते दौर में शिक्षा का माहौल भी बदला है पहले की तुलना में आज काफी सुधार हुआ है अच्छे अध्यापक हमारे बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान कर रहे हैं और शिक्षकों की उपस्थिति शत प्रतिशत विद्यालयों में हो रही है। विधायक मझवां सुचिस्मिता मौर्या ने कहा कि स्कूल चलो अभियान अपने विजन को लेकर आया है ताकि हमारे बच्चे शिक्षा ग्रहण करने से वंचित न रह जाए हमारे नवनिहाल बच्चे मिट्टी के कच्चे घड़े के समान होते हैं यदि हम अच्छी शिक्षा दीक्षा देते हुए आगे बढ़ाते हैं तो निश्चित तौर पर देश के उत्थान में अपना सर्वश योगदान देंगे।

# धार्मिक एवं पर्यटन स्थल शिवद्वार मंदिर राजा नल मंदिर, राम मंदिर एवं खैरटिया पिकनिक स्पॉट का किया जाएगा विकास -जिलाधिकारी

**सौंदर्यीकरण, आधारभूत सुविधाओं का विस्तार तथा श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा हेतु हॉल, शौचालय पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी विकसित-जिलाधिकारी।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि जनपद सोनभद्र में पर्यटन की अपार संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए पर्यटन विभाग द्वारा प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के विकास हेतु करोड़ों रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस योजना के अंतर्गत शिवद्वार मंदिर (घोरावल), राजा नल मंदिर, राम मंदिर (विढ़मगंज) एवं खैरटिया पिकनिक स्पॉट का समग्र विकास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन स्थलों पर सौंदर्यीकरण, आधारभूत सुविधाओं का विस्तार तथा श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा हेतु हॉल, शौचालय, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी। इन स्थानों पर वर्ष भर श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों का आवागमन बना रहता है, जिसे ध्यान में रखते हुए पर्यटन विभाग द्वारा इन मंन्दिरों को व्यवस्थित एवं आकर्षक रूप देने की योजना बनाई गई है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से न केवल स्थानीय श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि बाहरी पर्यटकों की संख्या में भी वृद्धि होगी, जिससे जनपद की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इसके साथ ही स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। पर्यटन अधिकारी श्री राजेश भारती ने बताया कि जनपद के अन्य धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों को भी चिन्हित कर उनके विकास हेतु प्रस्ताव शासन को जिलाधिकारी के निर्देशन में भेजे जा रहे है ताकि सोनभद्र को एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा सके।

# खरका में धूमधाम के साथ मनाया गया हनुमान जी का जन्मोत्सव

अमन लेखनी समाचार

ककरवई। ककरवई क्षेत्र के समीप स्थित ग्राम खरका में खेरापति हनुमान मंदिर पर हनुमान जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। सुबह से ही भक्तों द्वारा मंदिर को फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर हवन कुंड में भक्तों ने आहुतियां डालकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी के मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही श्रीमद्भागवत पुराण का पूजन कर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया। वहीं राधा-कृष्ण मंदिर में मानस मंडली द्वारा संगीतमय रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। हनुमान जी का अभिषेक भी श्रद्धा भाव से किया गया। कार्यक्रम के अंत में हनुमान मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर किसान नेता गौरीशंकर, महेशचंद्र बिदुआ (राष्ट्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय ब्राह्मण सभा), बृजेश बिदुआ, श्याम सिंह यादव, रिंकू गुप्ता, ब्रजनारायण गुप्ता, रामबाबू गुप्ता, धनीराम यादव, राधेश्याम गुप्ता, भजनलाल पांचाल, दिलीप पांचाल, कृष्णावतार यादव, रोहित यादव, राजू गुप्ता, कल्लू यादव, अखिलेश कुशवाहा, छत्रपाल परमार, योगेंद्र परमार, बल्लू गुप्ता, नाथूराम प्रजापति, करन पाल, लल्लू कुशवाहा, मोहन नामदेव, रविचंद्र कुशवाहा सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक- श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक - रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. - 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब अच्छी तरह से न लगे भूख



**मेरी उम्र 35 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मुझे भूख नहीं लगती। पेट हमेशा भरा-भरा लगता है। कुछ भी खाने पर वॉमिट जैसी फीलिंग आती है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-संजय, रायपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि डाइजेशन सिस्टम गड़बड़ हुआ है, इस वजह से आपका पेट भर-भरा रहता है। भूख भी नहीं लग रही है। इसके लिए सबसे पहले आप यह करें कि खाना हल्का और सुपाच्य शुरू करें। लंच में दही और सलाद जरूर शामिल करें। शाम को बिल्कुल हल्का खाना खाएं। कोशिश करें कि सोने से 3 घंटे पहले खाना खा लें। कुछ दिन ऑयली खाना बिल्कुल बंद कर दें। इस तरह बदलाव करने से आपको राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। पिछले एक-डेढ़ महीने से मेरे सिर के पिछले हिस्से में रह-रहकर टीस होती रहती है। कई बार यह दर्द बहुत बढ़ जाता है। कृपया मेरी इस समस्या का कारण और समाधान बताने का कष्ट करें।**

**-कौशल, बिलासपुर**

क्या आपके सिर में हाल के दिनों में कोई चोट लगी थी? कई बार चोट लगने से ऐसी समस्या शुरू हो जाती है। बेहतर होगा कि आप एक बार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। हो सकता है कि वह सिटी स्कैन जैसी कुछ जांच कराएं, जिससे पता चलेगा कि सिर दर्द की मूल वजह क्या है? फिर जरूरत के अनुसार वे उसका ट्रीटमेंट करेंगे। अपने मन से कोई दवा न लें।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। कुछ दिनों से यूरीन पास करने के दौरान बहुत जलन होती है। ऐसा क्यों हो रहा है, कृपया कोई उपचार बताएं?**

**-किशोर, दुर्ग**

कई बार पानी कम पीने पर ऐसी समस्या देखी जाती है। इसलिए आप सबसे पहले पानी पर्याप्त मात्रा में पिएं। अगर इसके बाद भी आपको इस तरह की समस्या है तो जरूर आपको एक बार यूरोलॉजिस्ट से संपर्क कर लेना चाहिए। वह कुछ जांच करवा कर इसका कारण पता लगाएंगे। ध्यान रहे बगैर जांच कराए आप कोई भी दवा ना लें।

**मेरी उम्र 24 वर्ष है। मेरी नाक पर ब्लैक हेड्स हो गए हैं, जो दिखने में बहुत भद्दे लगते हैं। कृपया इसे दूर करने का कोई कारगर उपाय बताएं।**

**-हर्षित, रोहतक**

यह समस्या यंगस्टर्स में काफी संख्या में देखी जा रही है। यह ब्लैकहेड्स कैसे हैं, यह जांच करने के बाद ही पता चलेगा। बेहतर होगा कि आप किसी त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। वह फिजिकल देखकर इसका ट्रीटमेंट बताएंगे।

**मेरी उम्र 53 वर्ष है। मुझे नींद में खर्राटे बहुत आते हैं। कृपया बताएं कि मैं अपनी इस समस्या से कैसे छुटकारा पा सकता हूं?**

**-हर्षदेव, रायगढ़**

कई लोगों को बढ़ती उम्र में इस तरह की समस्या होती है। हालांकि कई बार नाक की हड्डी बढ़ जाने पर भी ऐसी समस्या होती है। बेहतर होगा कि आप एक बार ईएनटी रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। वे जांच कर लेंगे। इसके बाद इसका समाधान बताएंगे। फिलहाल सुबह-शाम आप प्राणायाम शुरू कर दें।

**मेरी उम्र 32 वर्ष है। मैं जब भी थोड़ा तेज चलता हूं या सीढ़ियां चढ़ता हूं, तो मेरी सांस फूलने लगती है। कृपया बताएं, ऐसा क्यों हो रहा है, मुझे क्या करना चाहिए?**

**-मिहिर, हिसार**

आपको बगैर देर किए हुए डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए, क्योंकि इस उम्र में ऐसी समस्या नहीं होनी चाहिए। इसके दो कारण होते हैं या तो श्वसन तंत्र में कोई समस्या हो या फिर दिल संबंधी। दोनों ही के बारे में डॉक्टर से संपर्क करने के बाद ही पता चल पाएगा। इसलिए आप डॉक्टर से संपर्क कर जांच कराएं। * **प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

अवेयरनेस

विवेक शुक्ला

इस साल वर्ल्ड हेल्थ डे की थीम 'टुगेदर फॉर हेल्थ, स्टैंड विद साइंस' है। इस थीम का अर्थ है कि स्वास्थ्य से संबंधित मामलों में एक-दूसरे का साथ दें और विज्ञान पर आधारित उपचार पद्धतियों, शोध और अध्ययनों पर भरोसा करें। यानी परिवार में हम अपने साथ ही बड़े-बुजुर्गों और बच्चों का भी ध्यान रखें। तभी हम सभी फिजिकली-मेंटली हेल्दी रह सकेंगे।

# फिजिकल हेल्थ के साथ ही मेंटल हेल्थ का भी रखें ध्यान



विश्व स्वास्थ्य संगठन ने उत्तम स्वास्थ्य के अंतर्गत शारीरिक स्वास्थ्य के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य को भी महत्व दिया है। बावजूद इसके, इन दिनों बहुत से लोग उच्च रक्तचाप और दिल से संबंधित बीमारियां, डायबिटीज, पाचन तंत्र और मनोरोगों से ग्रस्त हैं, जिनके प्रति सचेत रहकर हम स्वयं को काफी हद तक स्वस्थ रख सकते हैं।

## हार्ट की करें प्रॉपर केयर

'दि वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन' के अनुसार दुनिया भर में विभिन्न रोगों से सर्वाधिक मौतें हाई ब्लड प्रेशर और हृदय रोगों से होती हैं। हृदय रोगों का एक महत्वपूर्ण कारण उच्च रक्त चाप है। कुछ सुझावों पर अमल कर उच्च रक्तचाप और विभिन्न हृदय रोगों से बचाव किया जा सकता है।

**तनाव से बचें:** मेडिकल जर्नल 'दि लैसेंट' में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार तनाव दिल की सेहत का सबसे बड़ा शत्रु है। इसलिए तनाव को नियंत्रित करने के लिए जीवन के प्रति सकारात्मक सोच रखें। निराशावादी विचारों के बजाय आशावादी बने रहें।

**नमक कम से कम:** जो लोग उच्च रक्त चाप की समस्या से ग्रस्त हैं, उन्हें विभिन्न खाद्य पदार्थों के जरिए प्रतिदिन लगभग 3 से 4 ग्राम नमक (चाय की छोटी चम्मच) ग्रहण करना चाहिए। जहां तक संभव हो, खानपान की चीजों में ऊपर से नमक का छिड़काव न करना बेहतर है।

**जंक फूड्स से परहेज:** ऐसे खाद्य पदार्थ जो अत्यधिक चिकनाई युक्त हैं या जो वस्तुएं तली हुई हैं, उनसे परहेज करना बेहतर है। जंक फूड्स में अत्यधिक चिकनाई या वसा और नमक प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, इसलिए इनके सेवन से बचें।

**धूम्रपान-शराब से बनाएं दूरी:** हृदय, धमनी रोग (कोरोनरी आर्टरी डिजीज) का एक कारण धूम्रपान है। धूम्रपान के कारण फेफड़ों पर ही नहीं बल्कि इनके जरिए हृदय की धमनियों की आंतरिक दीवार पर प्रभाव पड़ता है, जिसके कारण कालांतर में हृदय रोग होने का खतरा बढ़ जाता है। शराब का नियमित सेवन दिल की सेहत के अलावा शरीर के अन्य अंगों लिवर और किडनी के लिए भी नुकसानदेह है। इसलिए किसी भी रूप में स्मोकिंग और एल्कोहल सेवन से परहेज करें।



**नियमित व्यायाम और योग:** एक अध्ययन के अनुसार योगासन, प्राणायाम और ध्यान (मेडिटेशन) से ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में मदद मिलती है। अपनी शारीरिक क्षमता और उम्र के अनुसार आप व्यायाम का चयन कर सकते हैं। टहलना भी एक अच्छा व्यायाम है। जो लोग हाई बीपी और किसी हृदय रोग से ग्रस्त हैं, उन्हें डॉक्टर से परामर्श लेकर व्यायाम शुरू करना चाहिए।

**ब्लड प्रेशर चेक करें:** जो लोग हाई ब्लड प्रेशर की समस्या से ग्रस्त हैं, उन्हें हफ्ते में दो बार अपना ब्लड प्रेशर चेक करवाना चाहिए। डॉक्टर के परामर्श से बीपी की दवाएं लेनी चाहिए।

**मोटापे से बचें:** अधिक वजन होना हृदय रोग के खतरे को बढ़ाता है। इसलिए वजन नियंत्रण के लिए हर संभव प्रयास करें, व्यायाम करें और डाइटिशियन से मिलकर अपना डाइट चार्ट बनवाएं। अगर घबराहट, जी मिचलाना, चक्कर आए या सीने में दर्द होने पर डॉक्टर से तुरंत संपर्क करना चाहिए।

## पाचन तंत्र रखें सही

अगर आपका हाजमा दुरुस्त नहीं है तो फिर आप कितने भी पौष्टिक पदार्थ ग्रहण करें, वे शरीर में जज्ब नहीं हो पाते। इस स्थिति में कमजोरी महसूस होती है और शरीर की कार्यप्रणाली शिथिल हो जाती है। गैस और एसिडिटी ज्यादा बनना (रीफ्लक्स), दूषित खानपान से पेट में जीवाणुजनित संक्रमण, दस्त और डायरिया, फूड प्वाइजनिंग और हेपिटाइटिस आदि समस्याएं उत्पन्न होने के खतरे बढ़ जाते हैं।

**गैस-एसिडिटी से ऐसे बचें:** खाने के बाद दो घंटे तक लेटना नहीं चाहिए। ऐसा करने से गैस और एसिडिटी की समस्या से बचाव होगा। जंक फूड्स से परहेज करें। अत्यधिक चिकनाई युक्त और मिर्च मसालों से भरपूर खाने से परहेज करें। भूख से अधिक खाना न खाएं। छाछ को छोड़कर दूध और इससे निर्मित अन्य उत्पादों के कारण भी पेट में गैस बनती है। अनेक लोगों में फ्रूट जूस से भी गैस बन सकती है, क्योंकि इनमें फ्रक्टोज नामक शुगर अधिक होती हैं, जिसके कारण गैस और एसिडिटी बनने की आशंकाएं बढ़ जाती हैं। इसलिए इससे भी बचें। ये परहेज करने के बाद भी अगर राहत नहीं मिल रही है तो डॉक्टर से परामर्श लें।

**पेट में संक्रमण:** दूषित व अस्वच्छ खान-पान से पेट में संक्रमण होने के खतरे बढ़ जाते हैं। इस समस्या की रोकथाम के लिए कुछ भी खाने से पहले हाथों को सैनिटाइजर या फिर एंटीसेप्टिक साबुन से धो लें। बाहर का खाना खाने से हर संभव बचाव करें। खाना बनाने और उसके रखरखाव की प्रक्रिया स्वच्छ हो। जो खाद्य पदार्थ अच्छी तरह पके नहीं हैं, उन्हें न खाएं। बाहर के अनपके स्ट्रीट फूड्स से परहेज करें। खुले में काफी देर तक रखा खाना पेट को संक्रमित कर सकता है। इसलिए खुला और बासी खाना खाने से बचें। आपको किसी खाद्य पदार्थ से एलर्जी है तो उसे खाने से भी पेट में संक्रमण हो सकता है। संक्रमण के कारण पेट में तकलीफ हो तो ऐसी स्थिति में डॉक्टर से शीघ्र परामर्श लें।



## मानसिक स्वास्थ्य भी है जरूरी

हमारे दिमाग से ही शरीर संचालित होता है। इसलिए इसका हेल्दी होना जरूरी है। अच्छे मानसिक स्वास्थ्य को हासिल करने की राह में मनोरोग बाधक हैं, जिनमें डिप्रेशन प्रमुख हैं।

**डिप्रेशन से उबरें:** अकसर हम किसी प्रतिकूल कारण से तनावग्रस्त हो जाते हैं और फिर एक अंतराल के बाद सामान्य हो जाते हैं। कुछ समय के लिए तनावग्रस्त होने का मतलब डिप्रेशन नहीं है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार डिप्रेशन से आशय उस मनोदशा से है, जिसमें व्यक्ति लगातार कई दिनों या लंबी अवधि तक तनावग्रस्त, उदास और नकारात्मक विचारों से स्वयं को घिरा हुआ महसूस करता है।

**प्रमुख लक्षण और प्रकार:** हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार डिप्रेशन के मुख्य लक्षणों को माइल्ड, मॉडरेट और सीवियर में विभाजित किया गया है। माइल्ड और मॉडरेट डिप्रेशन में पेशेंट स्वयं को हताश और दुःखी महसूस करता है। किसी कार्य में मन न लगना, लोगों से मिलने-जुलने से कतराना, अपनी पसंदीदा हॉबी में दिलचस्पी लेना बंद कर देना। सेक्स की इच्छा का कम होते जाना, सोने की आदतों में बदलाव, खानपान की आदतों में बदलाव हो सकते हैं। सीवियर डिप्रेशन के पेशेंट सफलता हासिल करने की या किसी कार्य को संपन्न करने की उम्मीद ही छोड़ देते हैं, यह महसूस करना कि हमारी अब कोई मदद नहीं कर सकता है। ऐसी स्थिति में आत्महत्या का विचार उठना। उपरोक्त लक्षणों के प्रकट होने पर शीघ्र ही मनोरोग विशेषज्ञ से परामर्श लेना आवश्यक है। डिप्रेशन दूर करने के लिए मनोचिकित्सक काउंसलिंग करते हैं। काउंसलिंग के दो प्रकार होते हैं। पहला कॉग्निटिव बिहेवियर थेरेपी और दूसरी को वेंटिलेशन थेरेपी कहते हैं। वहीं डिप्रेशन की गंभीर स्थिति वाले मरीजों के इलाज में एंटीडिप्रेसेंट दवाओं का सहारा लिया जाता है और इसके साथ ही मरीज की काउंसलिंग भी की जाती है।

**मेंटल हेल्थ रहेगी सही:** अपनी जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाएं। योगासन, प्राणायाम करें। मेडिटेशन को अपनी दिनचर्या में स्थान दें। जीवन के प्रति आशावादी दृष्टिकोण रखें। लोगों से मिलना-जुलना या सामाजिक संबंध बरकरार रखें। किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहें। स्वास्थ्यकर आहार ग्रहण करना चाहिए और अपने भोजन में हरी सब्जियों और मौसमी फलों को वरीयता देनी चाहिए। मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के संदर्भ में जरूरत पड़ने पर अपने फिजिशियन या फिर मनोचिकित्सक से परामर्श लेना बेहतर रहता है। *

**(कोकिलाबेन हॉस्पिटल, इंदौर के फिजिशियन-कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अर्पित गुप्ता और मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम में सीनियर गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट, डॉ. सुकृत सूद से बातचीत पर आधारित)**



मेडिकल एडवाइस

डॉ. विपुल गुप्ता
कंसल्टेंट फिजिशियन-डायबेटोलॉजिस्ट
नई दिल्ली

हाल के वर्षों में डायबिटीज पेशेंट्स की संख्या में काफी इजाफा हो रहा है। इसकी अनेक वजहें हैं। ब्लड में शुगर लेवल बढ़ने से कई शारीरिक समस्याएं होने लगती हैं। इनसे बचने के लिए ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करना बहुत जरूरी है। इस बारे में यहां दे रहे हैं बहुत यूजफुल सजेशंस।

# डायबिटीज कंट्रोल के लिए जरूरी बैलेंस्ड डाइट-एक्सरसाइज-मेडिकेशन



मधुमेह (डायबिटीज) एक लॉन्ग पीरियड मेटाबॉलिज्म संबंधी रोग है, जिसमें शरीर में ब्लड शुगर का लेवल बढ़ जाता है। यह समस्या तब होती है, जब शरीर पर्याप्त मात्रा में इंसुलिन हार्मोन नहीं बना पाता या इंसुलिन का सही उपयोग नहीं कर पाता।

**डायबिटीज के प्रकार:** डायबिटीज के मुख्य प्रकारों में टाइप 1, टाइप 2 और गर्भावधि मधुमेह यानी जेस्टेशनल डायबिटीज शामिल हैं। टाइप 1 डायबिटीज, एक ऑटोइम्यून रोग है, जिसमें पैनक्रिएज ग्लैंड की इंसुलिन बनाने वाली कोशिकाएं नष्ट हो जाती हैं और मरीज को जीवन भर इंसुलिन लेना पड़ता है। टाइप 2 डायबिटीज, सबसे कॉमन होता है, जो अधिकतर मोटापा, गलत फूड हैबिट और इनएक्टिव लाइफस्टाइल के कारण होता है। जेस्टेशनल डायबिटीज, महिलाओं को प्रेग्नेंसी के दौरान होता है और डिलीवरी के बाद नॉर्मल हो सकता है। लेकिन यह भविष्य में टाइप 2 डायबिटीज का रिस्क बढ़ा देता है। इसके अलावा डायबिटीज के कुछ अन्य प्रकार भी होते हैं, जो जेनेटिक कारणों, पैनक्रिएटिक ग्लैंड रिलेटेड डिजीज या कुछ दवाओं के कारण हो सकते हैं।

**प्रमुख लक्षण:** डायबिटीज के लक्षणों में बार-बार पेशाब आना (पॉलीयूरिया), अत्यधिक प्यास लगना (पॉलीडिप्सिया) और अधिक भूख लगना (पॉलीफेजिया) प्रमुख हैं। इनके अलावा थकान, कमजोरी, धुंधला दिखाई देना, बिना कारण वजन कम होना, घावों का देर से भरना और बार-बार संक्रमण होना भी इसके लक्षण हो सकते हैं। लंबे समय तक डायबिटीज रहने पर हाथ-पैरों में झुनझुनी या सुन्नता भी महसूस हो सकती है। टाइप 2 डायबिटीज में कई बार कोई स्पष्ट लक्षण नहीं दिखते हैं और जांच के दौरान ही इसका पता चलता है।

**डायग्नोसिस:** ब्लड में शुगर लेवल की जांच से डायबिटीज को डायग्नोस किया जाता है। अगर फास्टिंग ब्लड शुगर 100 एमजी/डीएल या उससे अधिक हो। भोजन के बाद शुगर लेवल 140 एमजी/डीएल या उससे अधिक हो। एचबीए 1सी 6.5% या उससे अधिक हो या रैंडम ब्लड शुगर लेवल 200 एमजी/डीएल के साथ अन्य लक्षण मौजूद हों तो डायबिटीज की पुष्टि की जाती है। अगर शुगर लेवल सामान्य से अधिक लेकिन इन मानकों से कम हो तो उसे प्रीडायबिटीज स्टेज कहा जाता है। डायबिटीज डायग्नोस होने पर जल्द से जल्द ट्रीटमेंट शुरू करना बहुत जरूरी है। इससे हार्ट, किडनी, आंखों और नसों से संबंधित जटिलताओं से बचा जा सकता है।

**ऐसे करें शुगर लेवल कंट्रोल:** डायबिटीज को कंट्रोल करने में डाइट का बहुत इंपॉर्टेंट रोल होता है। डायबिटिक पेशेंट्स को रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट जैसे व्हाइट ब्रेड, मिठाइयों और स्वीट ड्रिंक्स के सेवन से बचना चाहिए। फास्ट फूड, तली-भुनी चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए और नमक का सेवन भी सीमित मात्रा में करना चाहिए। इसके बजाय साबुत अनाज जैसे ओट्स, ब्राउन राइस, हरी सब्जियां, दालें और फाइबर युक्त फूड्स का सेवन करना चाहिए। प्रोटीन के लिए दाल, पनीर, मछली आदि ले सकते हैं। हेल्दी फैट के लिए ड्राय फ्रूट्स और सीड्स का सेवन लाभदायक होता है। भोजन कम मात्रा में और कई बार करना चाहिए ताकि ब्लड शुगर का लेवल संतुलित बना रहे। बैलेंस्ड डाइट, रेग्युलर एक्सरसाइज और सही मेडिसिन के माध्यम से डायबिटीज को कंट्रोल किया जा सकता है और इसके साइड इफेक्ट्स से बचा जा सकता है। *

**प्रस्तुतिः सेहत डेस्क**

# शिमला के पांव



अपने ही पांवों से दूर होता जा रहा है शिमला। दूसरी ओर सवाल यह कि शिमला में विकसित क्या हो रहा। वीआईपी कल्चर, राजधानी की संस्कृति या मैट्रोसिटी के तेवर। हमारी योजना में सील्ड रोड की पैरवी में एक सुरक्षित शिमला देखा जा रहा है। गाडि ?ां शहर के चप्पे पर और गुस्ताख नजर यह कि परमिट बन जाए और बन जाएगा, बस इक रसीद चाहिए। राजधानी के रिस्ट्रक्टेड रोड से गुजरने के लिए पांच हजार और फील्ड रोड के लिए दस हजार की रसीद चाहिए। बिना खर्च किए घुसे तो दस हजार का जुमार्ना होगा। काफी अंदाज है इस शहर के, नजरें झुका के चलो। खैर हम अंग्रेजों के सांचे में अपनी इज्जत बचा रहे हैं। कहीं चल रहे हैं, तो कहीं चला रहे हैं। कभी शिमला अपने पांवों पर चलता था, तो शहर की धडकन में इनसान सरीखा शहर दिखाई देता था। अब न शिमला के बाशिंदे वो रहे और न ही शहर में अपनी छवि रही। ये जो सील्ड रोड हम बना रहे हैं या इन्हें ट्रैफिक से बचा रहे हैं, यह एक सीमा को सीमित करने का अंदाज है। विचार यह करना होगा कि इस शहर के पांव कहां तक खुद चलें, शहर को चलाएं या आगे बढ की दिशा बताएं। हम इसे राजधानी मानते हैं, तो विकास का पथ पूरे राज्य की जनता का स्वागत करे, अन्यथा अनावश्यक भीड़ से हटाकर इसके पांव धोने पड़ेंगे। शहर का वीआईपी अंदाज इन्हीं संकरे मार्गों से बड़े ख्वाब देखता है। हर किसी के रास्ते पर अगर सचिवालय की इमारत आ रही है या घर को निकले राही के सफर पर कोई वीआईपी इमारत आ रही है, तो कौन किसे छल रहा है। वे वीआईपी जो बिना परमिट के इन रास्तों के बादशाह हैं या शिमला की अपनी बादशाहत से आम नागरिक बहुत दूर हो गए हैं। शिमला के कई लुक हैं, लेकिन आधुनिक बड़ा विकराल होने जा रहा है। शहर का व्यापार-कारोबार, कॉफी के कप पर सुस्त सी चर्चा और जिंदगी के ठहरे लम्हों का उद्धार करता यह शहर, विश्राम की मुद्रा में दफ्तरों की सत्ता को समेट लेता है। क्या इतना सा इंतजाम शहर की मुद्रा में राजधानी हो जाएगा या हम इस शहर में सत्ता के प्रभाव में जीना चाहते हैं। कहना न होगा कि शिमला शहर का ऐतिहासिक गौरव, पर्वतीय परिवेश, हिल स्टेशन की अमानत और हिमाचल का नजरिया अगर जिंदा रखना है, तो इसके विकास, धरोहर संरक्षण और भविष्य की पैरवी में समीक्षा चाहिए। शिमला अब बोझिल आंखों से खुद को देखता है, तो भीड़ में जनता और वीआईपी नंबर के वाहनों की चिल्ल पौं में बिखर सा जाता है। पर्यटक सीजन के आहत पंजों में छटपटाता है, तो इस शहर की व्यावहारिकता में विकास खोजना होगा। शिमला के साथ वाकनाघाट में एक कर्मचारी नगर बसा दीजिए और जहां राजधानी के कामकाज की संगत बैठा दीजिए। शिमला के तीन से चार प्रवेश द्वार अगर भीड़ नियंत्रण के समाधान बनें, तो बिलासपुर, परवाणू और अपर शिमला से आते वाहनों को शहर से दस किलोमीटर पहले रोक कर, वहां से रज्जु मार्गों के जरिए आगे परिवहन संचालन हो तो शिमला में चलने की कसौटियां भी बदलेंगी। बेशक सरकारें कुछ न कुछ प्रयास करती रही हैं, लेकिन अब राज्य राजधानी विकास एरिया यानी एससीआर( स्टेट कैपिटल रिजन) विकसित करना होगा। इसी संदर्भ में शिमला से बाहर भेजे जा रहे कार्यालयों की भूमिका भी सहायक होगी, लेकिन यह सारी कार्रवाइयां अर्थपूर्ण ढंग से परवान चढी चाहिएं।

# बहुत लाभकारी है नीबू पानी

सजेशन / रेखा देशराज



सुबह खाली पेट नीबू पानी स्वास्थ्य के लिए अच्छा माना जाता है। यह एक सस्ता और आसानी से उपलब्ध होने वाला ऐसा ड्रिंक है, जो सादे पानी की तुलना में थोड़ा स्वादिष्ट होता है। जो लोग इसे नहीं पीते, एक बार इसकी शुरुआत करके देखें, तो पाएंगे कि लगातार कई दिन इसका सेवन करने से हमारी पाचन क्रिया दुरुस्त रहती है। त्वचा में नई चमक आती है। हमें दिनभर थकान नहीं लगती और पेट भरा रहता है। इससे आप कई तरह के लाभ पा सकते हैं।

**रोग प्रतिरोधकता बढ़ाए:** नीबू में मौजूद विटामिन सी, हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। इससे हमारी प्यास बुझती है और बीमारियों से लड़ने में हमें ताकत मिलती है। लगातार इसका सेवन करने से कोल्ड और फ्लू से बचाव होता है।

**दिल की सेहत के लिए है अच्छा:** लेमन में मौजूद पोटेशियम और विटामिन सी हमारे रक्त प्रवाह को सही रखते हैं। यह ऑक्सीडेटिव तनाव को घटाता है। कोशिकाओं की मरम्मत करता है, यह हमारी दिल की सेहत को भी मजबूती देता है। इसके बावजूद यह हमारे कार्डियोवेस्कुलर स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।

**दे भरपूर एनर्जी:** नीबू पानी से एक अलग तरह की ऊर्जा मिलती है। नीबू का स्वाद हमारे दिल दिमाग की नसें खोलता है। इसकी महक हमारे मूड को तरोताजा कर देती है। पानी में घुला नीबू प्यास तो बुझाता ही है, पाचनक्रिया भी दुरुस्त करता है, मूड फ्रेश करता है, नींद दूर भगाता है।

**त्वचा की चमक बढ़ाए:** सुबह के समय खाली पेट पीया गया नीबू पानी हमारे शरीर के पानी की जरूरत को तो पूरा करता ही है, हमारी त्वचा को भी नमी देता है। इसमें मौजूद विटामिन सी इसका सहायक बनता है। *